www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

30 मार्च 2026
हरदा, सोमवार
वर्ष-15, अंक - 291, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र शुक्ल पक्ष - 12
विक्रम संवत् 2082

## भगवान महावीर के विचार आज भी हैं प्रासंगिक : मुख्यमंत्री

- दिगंबर और श्वेताम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने दी है समाज सेवा को नई दिशा



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर संसार को सत्य, अहिंसा, असंचय, अपरिग्रह, त्याग और तपस्या का शाश्वत संदेश देने वाले करुणा के महासागर थे। भगवान महावीर ऐसे तीर्थंकर हैं, जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है। ऐसे भगवान की जयंती हमें वर्षभर मनाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से करीब ढ़ाई हजार साल पहले भगवान महावीर स्वामी ने जो कहा था, वह आज की वैश्विक परिस्थितियों में भी प्रासंगिक है। जैन दर्शन की विशेषता है कि वह दूसरों को दबाने या डराने के बजाय, जिनेन्द्रियों पर अर्थात् स्वयं पर विजय प्राप्त करता है। भगवान महावीर स्वामी ने भी स्वयं की इन्द्रियों को जीता है, इसलिये वे जिन महावीर कहलाये। आज पूरी दुनिया उनको पूजती है, उनके विचारों को मानती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान महावीर के चरणों में वंदन कर प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर काल में राष्ट्र निर्माण में जैन समाज का अप्रतिम योगदान रहा है। आज ऐसे समाजसेवियों को सम्मानित करना हम सबके लिए सौभाग्य का अवसर है, जिन्होंने भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपने आचरण और व्यक्तित्व में उतारा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले- माँ नर्मदा के आशीर्वाद से

# प्रदेश में बह रही है विकास की नई धारा

- सीएम ने संकल्प से समाधान अभियान के लाभार्थियों को किया हितलाभ वितरण
- मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण का किया भूमि-पूजन
- रामसर साइट सिरपुर में 62.72 करोड़ रूपये लागत से निर्मित एसटीपी प्लांट का लोकार्पण
- इंदौर को मिली 1356 करोड़ की जल एवं विकास परियोजनाओं की सौगात

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है और उनके आशीर्वाद से मध्यप्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भी होलकर साम्राज्य ने मां नर्मदा के आशीर्वाद से कठिन परिस्थितियों में सनातन संस्कृति को सशक्त बनाए रखा और देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर घाट, धर्मशालाएं एवं अन्नक्षेत्र विकसित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नर्मदा परियोजनाओं को नई गति मिली है। सरदार सरोवर परियोजना के माध्यम से गुजरात, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र सहित व्यापक भू-भाग में जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे कृषि, उद्योग एवं पेयजल की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में आयोजित नर्मदा के चतुर्थ चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।





कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर शहर को पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण के तहत अमृत 2.0 योजना में 1356 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन। इससे शहर की पेयजल आपूर्ति संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर जलापूर्ति सुविधाएं प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री इंदौर के रामसर साइट सिरपुर में 62.72 करोड़ रूपये लागत से निर्मित एसटीपी प्लांट का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर संचालित किए गए इस संकल्प से समाधान अभियान के तहत इंदौर जिले में एक लाख 44 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में इंदौर जिले में एक लाख 44 हजार 912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है। यह अभियान प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रभावी रूप से संचालित हुआ। प्रदेश में अब जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग पौने तीन लाख कुएं, बावड़ी, तालाब एवं नहरों का निर्माण एवं जल संरचनाओं पुनर्जीवित किया जाएगा। यह अभियान गुड़ी पड़वा से प्रारंभ हो गया है, जो गंगा दशमी तक जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के 25 जिलों को लाभ मिलेगा, वहीं पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के 13 जिलों में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। उन्होंने शिप्रा नदी के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालु शिप्रा के स्वच्छ जल में स्नान कर सकेंगे।

## अब हर तबके के लिए संभव हुई हवाई यात्रा : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने किया इन्दौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हमें लोककल्याण का मार्ग दिखाता है। लोकमाता के पद चिन्हों पर चलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम जनसेवा के नए कदम बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शिता ने ही देश के विमानन क्षेत्र का कायाकल्प किया है।

प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच और दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज समाज के हर तबके के लिए हवाई यात्रा संभव हुई है। अब हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज की यात्रा करने में समर्थ्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में हवाई सेवाओं का विस्तार जितनी तेजी से हो रहा है वह अकल्पनीय है। मध्यप्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत भी की गई है, इससे गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को त्वरित उपचार के लिए हायर सेंटर पहुंचाया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में लोकमाता अहिल्याबाई इन्टरनेशनल एयरपोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्दौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण कर इन्दौरवासियों सहित पूरे मालवांचल को अत्याधुनिक टर्मिनल की सौगात दी।

गड्ढे में गिरी कार

# ससुर-बहू और पोता जिंदा जले

- बालाघाट में अंदर फंसे लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला; मां-बेटे की हालत गंभीर

**बालाघाट (एजेंसी)।** बालाघाट में एक चलती कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। इससे उसमें आग लग गई, जो इतनी तेजी से फैली कि अंदर बैठे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला।

हादसे में तीन लोग जिंदा जल गए। घटना शनिवार रात 11 से 12 बजे के बीच बैहर-मलाजखंड रूट पर केवलारी चौराहे के पास की है।

मृतकों की पहचान नगारची केलकर (65 वर्ष), सविता केलकर (28 वर्ष) और अभि केलकर (3 वर्ष) के रूप में हुई है। सविता, नगारची की बहू और अभि पोता था।

वहीं कार चला रहा बेटा सीतम केलकर (30) और नगारची की पत्नी नाना बाई केलकर (60) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों को पड़ोसी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) रेफर किया गया है।





**राहगीरों ने कार का कांच फोड़कर तीन को बचाया-** जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत कार का कांच फोड़कर तीन लोगों को बाहर निकाला। इनमें 8 साल की बच्ची पूर्वी राहांगडाले पूरी तरह सुरक्षित है।

### अपने गांव से लौट रहा था परिवार

पुलिस के अनुसार, कार चालक सीतम केलकर अपने गृह ग्राम पोंडी (परसवाड़ा, बालाघाट) से पौनी (मलाजखंड) जा रहा था। पौनी में उसकी वेल्डिंग की दुकान है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पोंडी आया था। देर रात वह अपने माता-पिता, पत्नी, मासूम बेटे और पड़ोसी बच्ची पूर्वी के साथ अपनी ऑल्टो कार से पौनी लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बैहर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि यह पेट्रोल कार थी। पूरी तरह जल चुकी है। अभी इसका नंबर और मॉडल बता पाना संभव नहीं है।

सूचना मिलते ही पुलिस रवाना हो गई थी, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दे दिया था। मलाजखंड नगर पालिका से पहुंचे फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार सवार तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने ड्राइवर को झपकी आने की आशंका भी जताई है।

## बांधवगढ़ में बीच सड़क पर पहुंचा टाइगर

- उमरिया में फोटो लेने करीब पहुंचे पर्यटकों ने तोड़े नियम, होगी जांच



**उमरिया (एजेंसी)।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बार फिर सड़क पर बाघ दिखाई दिया है। रविवार को ताला-पारसी मार्ग पर भद्राशिला पुलिया के पास बाघ को सड़क पर चलते देखा गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। बाघ को देखने के लिए राहगीर, पर्यटक और जंगल सफारी की जिप्सियां दोनों ओर रुक गईं। कई वाहन चालक सड़क किनारे रुक गए, जबकि कुछ दोपहिया वाहन चालक बाघ के काफी करीब पहुंच गए।

### बीटीआर प्रबंधन करेगा जांच

नियमों की जानकारी होने के बावजूद जिप्सी चालकों और गाइडों द्वारा वाहन रोकना लापरवाही मानी जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लिया है और जांच के निर्देश दिए हैं।

### बाइक सवार मोड़कर निकले

वीडियो में देखा गया कि जब बाघ नजदीक आने लगा तो बाइक सवार घबराकर अपने वाहन मोड़कर वहां से निकल गए। इस दौरान सफारी की जिप्सियां भी सड़क पर खड़ी रहीं, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। ताला-पारसी मार्ग पर इस तरह वाहनों को रोकना नियमों का उल्लंघन माना जाता है, खासकर संवेदनशील वन क्षेत्रों में जहां वन्यजीवों की आवाजाही सामान्य है।

## छतरपुर में हार्वेस्टर हाईटेंशन लाइन से टकराया, ड्राइवर जिंदा जला

**छतरपुर (एजेंसी)।** छतरपुर जिले के नेगुंवा गांव में रविवार को गेहूं कटाई के दौरान एक हार्वेस्टर 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गया। इस हादसे में हार्वेस्टर ड्राइवर 27 वर्षीय शैलेंद्र पटेल की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। शॉर्ट सर्किट के बाद मशीन में भीषण आग लग गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खेत में कटाई करते समय हार्वेस्टर का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से टकरा गया। टक्कर होते ही मशीन में करंट फैल गया और चिंगारी से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ड्राइवर शैलेंद्र पटेल को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वह मशीन के अंदर ही फंस गया।

## मध्यप्रदेश के 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्त

- 123 नगर परिषदों में 4-4, 46 नगर पालिकाओं में 6-6 मनोनीत पार्षद बनाए



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद रविवार को 169 नगरीय निकायों में एल्डरमैन के नामों की घोषणा कर दी गई है। 123 नगर परिषदों में 4-4 जबकि 46 नगर पालिकाओं में 6-6 एल्डरमैन (मनोनीत पार्षदों) नियुक्त किए गए हैं।

एल्डरमैन का कार्यकाल वर्तमान परिषद के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा या आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा, ये बाद में पता चलेगा सागर छोड़कर शेष बुंदेलखंड और चंबल के निकायों में सहमति न बन पाने के कारण फिलहाल लिस्ट होल्ड रखी गई है। एल्डरमैन के नामों की घोषणा नगरीय निकाय में सबसे शुरुआती इकाई यानी नगर परिषद से की गई है। मध्य प्रदेश के नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति का मुख्य आधार प्रशासनिक अनुभव और नगर पालिका अधिनियम की जानकारी होता है। संगठन की सिफारिश पर नियुक्त होने वाले एल्डरमैन परिषद की बैठकों और चर्चाओं में तो सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं, लेकिन इनके पास वोट देने का अधिकार नहीं होता। इनका कार्यकाल परिषद के कार्यकाल के साथ ही समाप्त होता है।

## प्रदेश में 4 दिन आंधी-बारिश का दौर रह सकता है

- 30-31 मार्च को आधे हिस्से में अलर्ट

**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्य प्रदेश में अगले 4 दिन तक आंधी-बारिश का दौर रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और टर्फ की वजह से ऐसा होगा। मौसम केंद्र के अनुसार, 30 और 31 मार्च को सिस्टम की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी देखने को मिलेगी। इस दौरान ग्वालियर और चंबल संभाग में ओले भी गिर सकते हैं।

शनिवार को एमपी के पूर्वी हिस्से में दोनों सिस्टम सक्रिय रहे, जो आगे बढ़ेंगे। इस वजह से बारिश का दौर शुरू होगा। अगले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में बारिश का अलर्ट है। यहां 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, 30 मार्च से सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। ग्वालियर, भिंड और दतिया में ओले भी गिर सकते हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, सागर, रीवा संभाग के अधिकांश हिस्से में आंधी, बारिश और गरज-चमक वाला मौसम रहेगा। 31 मार्च को भी ऐसा ही अलर्ट है। 1 अप्रैल को सिस्टम कमजोर होने लगेगा। हालांकि, प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश होने का अनुमान है।

# उज्जैन के ब्रह्माणी माता मंदिर मेले में डर्टी डांस

- अश्लील इशारे भी करती दिखीं डांसर; युवकों ने किया हुड़दंग

**अनोखा तीर, उज्जैन।**

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में स्थित ब्रह्माणी माता मंदिर परिसर में डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डांसरों ने अश्लील गानों पर डांस किया। कालीसिंध महोत्सव मेले के आयोजकों ने बाहर से डांसरों को बुलाया था। मामला तराना जनपद पंचायत के सामानेरा गांव का है।

जानकारी के मुताबिक, ब्रह्माणी माता मंदिर परिसर के पीछे बने मंच पर 19 मार्च से 28 मार्च तक कथा का आयोजन चल रहा था। आयोजन के अंतिम दिन डांस कार्यक्रम रखा गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मेले के दौरान मंच पर फिल्मी गाने पर डांस प्रस्तुति दी गई, जिसमें हिला दूं एमपी, हिला दूं यूपी, जो मारूं मैं ठुमका, ये मेरा लहंगा पड़ा है महंगा मेरी पतली कमर, मेरी तिरछी नजर, छम्मा-छम्मा जैसे बोलों पर डांसर ने परफॉर्म किया। डांसर डर्टी इशारे भी करती दिखी।



- **पुलिस ने लोगों को डंडों से पीटा-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुलिस कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों को डंडों से पीटा गया, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई और स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में हालात सामान्य हो गए।
- **पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया-** मामले में माकड़ौन थाना प्रभारी पीएस राजपूत ने बताया कि मेले के दौरान कुछ लोग अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे थे। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर मौजूद उपनिरीक्षक मंशाराम चौधरी और उनकी टीम ने हल्का बल प्रयोग किया, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

## सहेली गेट पर पहरा देती, उसका पति करता था रेप

- युवती ने पार्लर संचालिका पर लगाए आरोप

**गुना (एजेंसी)।** गुना में 22 साल की युवती के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि जिस महिला के यहां युवती पार्लर का काम सीखने जाती थी, उसी ने अपने पति से कई बार रेप कराया। पीड़िता ने शनिवार शाम कैंट थाने में शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने महिला, उसके पति और देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



एसपी हितिका वासल के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि वह गुलाबगंज निवासी यास्मीन खान के यहां पार्लर का काम सीखती थी। यास्मीन का पति शरीफ खान भी अकसर वहां मौजूद रहता था। करीब चार महीने पहले यास्मीन ने उसे काम के बहाने घर बुलाया। पुलिस ने पार्लर संचालिका, उसके पति और देवर पर केस दर्ज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

# अखंड रामायण पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन



**अनोखा तीर, सिराली।** नगर में भक्त शिरोमणि भगवान श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव इस वर्ष बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं श्रद्धालु भक्तों के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसी क्रम में मालपुर स्थित श्री भिलट देव परिसर में दक्षिणमुखी सिद्ध वीर हनुमान मंदिर में 24 घंटे का



अखंड रामायण पाठ आयोजित किया जाएगा। 2 अप्रैल को प्रात: विधि-विधान से हनुमान जी का पूजन किया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मातृशक्ति द्वारा विशेष रामायण पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 6 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। नगर के अन्य प्रमुख मंदिरों खेड़ापति हनुमान मंदिर, गांधी चौक के पीछे स्थित मजिस्ट्रेट हनुमान मंदिर तथा श्री दाना बाबा बजरंग मंदिर सहित क्षेत्रभर में भी श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष आयोजन किए जाएंगे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# पं. अजय उपाध्याय बने परशुराम सेना के अध्यक्ष

**अनोखा तीर, सिराली।** श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा एवं प्रदेश सचिव राज शर्मा तथा सर्व ब्राह्मण समाज खिरकियां के पूर्व अध्यक्ष राकेश पाराशर की अनुमति से, परशुराम सेना हरदा जिलाध्यक्ष नितिन बद्रीप्रसाद जोशी की अनुशंसा पर हरदा जिले की सिराली तहसील में श्री परशुराम सेना का गठन



किया गया। इस गठन में पंडित अजय उपाध्याय को सिराली तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में गौरव पाराशर और अभीषेक उपाध्याय, महामंत्री के रूप में सुजल जोशी एवं हर्ष जोशी को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष नितिन बद्रीप्रसाद जोशी द्वारा सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को माला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राकेश पाराशर, महेश पटेल, खिरकिया नगर अध्यक्ष मोहित सिटोके, तहसील अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, पवन तिवारी, राधारमण शर्मा सहित परशुराम सेना के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# धार्मिक नगरी हंडिया में नर्मदा किनारे गंदगी का अंबार



### - स्वच्छता अभियान कागजों तक सीमित

**अनोखा तीर, हंडिया।**

जिले की तीर्थ नगरी हंडिया में स्वच्छता अभियान की हकीकत नर्मदा किनारे साफ नजर आ रही है। स्थानीय ग्राम पंचायत की लापरवाही के चलते नदी तट पर गंदगी, कचरे के ढेर और नालियों का गंदा पानी फैला हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नर्मदा स्नान, तुलादान और अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन जिम्मेदार केवल औपचारिकताएं निभाते नजर आ रहे हैं। जगह-जगह फैले कचरे के ढेर नगर की छवि को खराब कर रहे हैं और स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। इस संबंध में श्रद्धालुओं का कहना है कि शासन द्वारा नियम तो बनाए जाते हैं, लेकिन उनका पालन किस हद तक हो रहा है, यह स्थिति स्वयं बयां कर रही है। लोगों का सवाल है कि क्या जिम्मेदारों की नींद खुलेगी या फिर अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी स्थिति बनी रहेगी। नालियों का गंदा पानी सीधे मां नर्मदा के जल में मिल रहा है, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है। नमामि सेवा अभियान के तहत



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने हंडिया प्रवास के दौरान नर्मदा जल को शुद्ध बनाए रखने के लिए जल शुद्धिकरण प्लांट लगाने की घोषणा की थी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। परिणामस्वरूप आज भी नालियों का गंदा पानी नर्मदा में मिलकर नदी के जल को प्रदूषित कर रहा है।

### ऊर्जा बचाओ अभियान

### ● घर-घर जाकर दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

# एक घंटे लाइट बंद रखने की अपील

### ● डॉ. पुष्पा पटेल के नेतृत्व में नव निधि पर्यावरण समिति का जन-जागरण




**अनोखा तीर, खरगोन।**

शहर में पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को लेकर नव निधि पर्यावरण समिति द्वारा रविवार शाम व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पर्यावरणविद् डॉ. पुष्पा पटेल के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें समिति के सदस्यों ने आम नागरिकों को ऊर्जा बचाने के लिए प्रेरित किया। शाम करीब 6:30 बजे श्रीकृष्ण टॉकीज चौराहे पर खड़े होकर सदस्यों ने राहगीरों को रोका और उन्हें ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता समझाई। इस दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे रात 8:30 से 9:30 बजे तक अपने घरों की लाइट बंद रखें, ताकि ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सके। अभियान के तहत समिति के सदस्य दुकानों और घरों तक पहुंचे और लोगों से एक घंटे के लिए बिजली बंद रखने का आग्रह किया। साथ ही स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए जागरूकता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में नव निधि पर्यावरण समिति के अध्यक्ष परशुराम डंडीर, वरिष्ठ अधिकारी कमलाकांत जोशी, उद्यान विभाग के वरिष्ठ पर्यावरण प्रेमी श्री यादव, शहर के व्यापारी नरेंद्र सिंह चांवला, समिति के सचिव कुबेर जोशी, वरिष्ठ शिक्षाविद् दिलीप कर्पे, वन विभाग के राजेंद्र सोलंकी एवं सिंचाई विभाग के अशोक मेहता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य लोगों में ऊर्जा बचत के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन किया नियुक्त

**अनोखा तीर, खातेगांव।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद नगर परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति की घोषणा होते ही खातेगांव नगर में चार भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी। खातेगांव नगर में लंबे समय से भाजपा की राजनीति में निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे लखनलाल टेलर डाबी, कैलाश साधु, मनोज बज, हरिप्रसाद मकवाना को खातेगांव नगर परिषद में एल्डर में शासन ने नियुक्त किया। भाजपा के चारों कार्यकर्ताओं को नामांकित पार्षद एल्डरमैन नियुक्त होने पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं का भाजपा के पदाधिकारी निवास पर पहुंचकर स्वागत व सम्मान कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज बज ने बताया कि लंबे समय से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अवसर प्रदान किया गया निश्चित ही विधायक आशीष शर्मा एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। नगर परिषद के विकास कार्यों में पूर्ण समर्पण के साथ नगर हित के कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे। कुछ नाम की एल्डरमैन में पिछले दिनों से चर्चाएं चल रही थी वह एक भी नाम सामने नहीं आया सभी वरिष्ठ जनों को मौका मिला।

# खरीफ सीजन में ऋण लेने वाले किसान डिफाल्टर, अब देना होगा 13 प्रतिशत ब्याज

**अनोखा तीर, मसनगांव।** प्रदेश के किसानों को सहकारी समिति से ऋण लेना इस वर्ष भारी पड़ गया है। सरकार द्वारा खरीफ सीजन में समिति के माध्यम से ऋण लेने वाले किसानों के लिए राशि जमा करने की अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई गई, जिससे ग्राम की समिति के लगभग 450 किसान डिफाल्टर हो गए। किसानों को 28 मार्च तक ऋण की राशि जमा करनी थी, लेकिन गेहूं की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं होने से किसान अपनी उपज की बिक्री नहीं कर पाए। वहीं सरसों की खरीदी 23 मार्च से भावांतर में शुरू होना थी, जो आगे बढ़ गई। ऐसे में अब किसानों को 13 प्रतिशत ब्याज सहित ऋण राशि जमा करनी होगी। पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश सरकार किसानों को बिना ब्याज के खाद उपलब्ध कराती रही है। किसान खरीफ सीजन में सोयाबीन, मक्का, उड़द आदि फसलों की बुवाई के




लिए उर्वरक का उपयोग करते हैं, जिसमें सुपर फास्फेट, डीएपी, एनपीके, पोटाश, जिंक सल्फेट आदि शामिल हैं। अधिकांश किसान जून-जुलाई में समिति के माध्यम से खाद लेते हैं और 28 से 30 मार्च तक राशि जमा करते हैं। आमतौर पर उपज नहीं बिकने की स्थिति में सरकार समय सीमा बढ़ाकर 30 अप्रैल तक छूट देती रही है, लेकिन इस वर्ष सरकार द्वारा तिथि नहीं बढ़ाई गई है। ऐसे में केवल वही किसान शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ ले पाएंगे जिन्होंने 28 मार्च तक राशि जमा कर दी है, शेष किसानों को ऋण लेने की तिथि से लेकर भुगतान की तिथि तक 13 प्रतिशत ब्याज देना होगा। इस वर्ष गेहूं, चना और मक्का जैसी फसलों के भाव कम मिलने से किसान पहले ही नुकसान झेल रहे हैं। ऐसे में ब्याज सहित ऋण चुकाने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। ग्राम के किसान बाजूलाल छालोत्रे ने बताया कि फसल में लागत अधिक लग रही है और मंडी में उचित भाव नहीं मिल रहा, ऐसे में सरकार द्वारा ब्याज लेना किसानों के लिए उचित नहीं है। वहीं किसान गणेश मुकाती ने कहा कि सरकार को ऋण जमा करने की तिथि बढ़ानी चाहिए, क्योंकि फसल निकलने में देरी हुई है और शासकीय खरीदी शुरू नहीं होने से उपज की बिक्री नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसानों के पास साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। यदि सरकार किसान हितैषी है, तो ऋण जमा करने के लिए 30 अप्रैल तक की मोहलत दी जानी चाहिए। इस संबंध में समिति के सहायक प्रबंधक अखिलेश पाटिल ने बताया कि ऋण राशि जमा करने की अवधि शासन द्वारा नहीं बढ़ाई गई है। यदि शासन से नए दिशा-निर्देश प्राप्त होते हैं, तभी किसानों को ब्याज में राहत मिल सकेगी।

### महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय ने वाराणसी के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया शोध-पत्र

# वैश्विक कल्याण और स्थिरता के लिए 'आध्यात्मिक शुद्धता' अनिवार्य : शॉन क्लार्क

**अनोखा तीर, वाराणसी।** आज विश्व जिन चुनौतियों और समस्याओं का सामना कर रहा है, उनका प्रभावी समाधान आध्यात्मिकता और सचेत जीवन शैली के माध्यम से संभव है। वैश्विक कल्याण और एक स्थायी जीवन शैली के लिए आध्यात्मिक सकारात्मकता अनिवार्य है, यह विचार महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि शॉन क्लार्क ने व्यक्त किए। वाराणसी के 'स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज' में आयोजित 13वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्पिरिचुअलिटी-ए टेस्टेड पैराडाइम फॉर ग्लोबल वेलबीइंग, सस्टेनेबिलिटी एंड डिजिटल माइंडफुलनेस' के मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए श्री क्लार्क बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत बालाजी आठवले द्वारा लिखित और श्री क्लार्क द्वारा सह-लिखित एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में शिक्षा जगत, कॉर्पोरेट जगत और सार्वजनिक संस्थानों की प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं।

**आध्यात्मिक पर्यटन में वृद्धि, बदलती मानसिकता और चेतना का प्रतीक-** श्री क्लार्क ने भारत में बढ़ते आध्यात्मिक पर्यटन की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि नागरिक अब केवल मनोरंजन वाले पर्यटन स्थलों के बजाय तीर्थ स्थलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वर्ष 2025 में अयोध्या में 23.82 करोड़ और वाराणसी में 14.6 करोड़ पर्यटकों का आगमन जन-चेतना के बढ़ते स्तर का प्रमाण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 2025 के महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद कोई प्रबंधन संबंधी समस्या नहीं हुई, जिसका मुख्य कारण वहां व्याप्त उच्च 'आध्यात्मिक शुद्धता' थी।

**शोध के मुख्य निष्कर्ष** - महाकुंभ स्नान के आध्यात्मिक लाभ विश्वविद्यालय के शोध दल के अनुसार, महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर केवल 5 मिनट के अमृत स्नान से प्रतिभागियों के आभामंडल में 60 प्रतिशत सकारात्मक वृद्धि देखी गई।

# अडाणी डिफेंस ने आर्मी को सौंपी 2,000 मशीन गन

### *दुश्मनों को 1 किमी दूर से मार गिराने की क्षमता; एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग*



**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2,000 'प्रहार' लाइट मशीन गन की पहली खेप सौंपी। यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं। सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। 'प्रहार' की मारक क्षमता 1,000 मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है। मशीन गन 8 किलोग्राम की हैं, जिनकी लंबाई 1100 एमएम है। एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग होगी।

## सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी पर जोर

अंबरासु ने कहा कि सरकार रक्षा उद्योग के साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने गति और पैमाना को रक्षा खरीद के दो अहम स्तंभ बताया। उन्होंने यह भी कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और निजी कंपनियों को साथ मिलकर काम करना होगा। ग्वालियर में बना यह केंद्र करीब 100 एकड़ में फैला है और इसका सालाना उत्पादन लगभग 1 लाख हथियारों का है। इसमें इस्तेमाल होने वाली 90 फीसदी से ज्यादा सामग्री देश में ही तैयार की जाती है। यहां एक अंडरग्राउंड फायरिंग रेंज भी है, जहां अधिकारियों ने निशानेबाजी का अभ्यास किया।

# एक तरफ बातचीत तो दूसरी ओर गुप्त मिशन का प्लान

### ● अमरीका के जमीनी हमले की आशंका पर ईरान ने खूब लताड़ा

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका पर बड़ा आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका सिर्फ बातचीत का दिखावा कर रहा है। जबकि अंदरखाने वह एक गुप्त मिशन प्लान कर रहा है, जिसके तहत वह ईरान पर जमीनी हमले की तैयारी में है।

यह बात ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर घालीबाफ ने कही है। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दे डाली कि ईरान की सेना, अमेरिकी सैन्य बलों हमले के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस दोहरे रवैये के लिए ईरानी संसद के स्पीकर ने डोनाल्ड ट्रंप को भी खूब लताड़ लगाई है। इरना समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित कमेंट्स में, घालीबाफ ने ट्रंप की ईरान के साथ बातचीत करने की इच्छा पर उन्हें जमकर सुनाया। उन्होंने कहाकि दुश्मन खुलकर बातचीत संदेश भेज रहा है और गुप्त रूप से



जमीन हमले की योजना बना रहा है। उन्होंने कहाकि हमारे लोग अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगा सकें। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जतायी है। साथ ही इसे सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजरायल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है।

## सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश

सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को टारगेट किलिंग करार दिया। उन्होंने कहाकि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। राष्ट्रपति ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि वह ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर बमबारी को फिलहाल रोकेंगे। यह ताजा घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब युद्धविराम वार्ता को लेकर दोनों देश गतिरोध की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं तथा उन्होंने अपने-अपने रुख कड़े कर लिए। पश्चिम एशिया में हजारों अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक तैनात किए जाने के प्रयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जीत रहा है। उन्होंने अमेरिका की मदद न करने के लिए नाटो देशों की कड़ी आलोचना की, लेकिन बाद में कहा कि उन्हें उनकी सहायता की जरूरत नहीं है। वह ईरान के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समय-सीमा दो बार बढ़ा चुके हैं।



# अनोखा तीर 3

# हरदा नगर

हरदा, सोमवार 30 मार्च 2026


## आज मनेगा भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव

**अनोखा तीर, हरदा।** वर्तमान शासन नायक, देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महा महोत्सव का आयोजन आज 30 मार्च सोमवार को बड़े हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज, हरदा द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आज प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी से होगी, जिसमें बच्चों सहित अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है। इसके पश्चात सुबह 7.30 बजे 108 कलशों से 64 रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ भगवान का मस्तकाभिषेक एवं दिव्य शांतिधारा का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे श्रीजी की भव्य शोभायात्रा नगर के पारंपरिक मार्गों से निकाली जाएगी, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी। इसके बाद अभिषेक एवं शांतिधारा का क्रम जारी रहेगा। समाज के सचिव राहुल गंगवाल एवं सह सचिव संजय पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 11.30 बजे जैन धर्मशाला में सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है। दोपहर चार बजे दयोदय गौशाला में गौसेवा करते हुए गौग्रास का कार्यक्रम रखा गया है। जो कि दयोदय गौशाला के अध्यक्ष अनूप बजाज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। वहीं शाम 7.30 बजे महाआरती, पालना एवं भजन कार्यक्रम के साथ दिनभर के आयोजनों का समापन होगा। महिला परिषद द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में पिछले एक सप्ताह से नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में बधाई गीतों का आयोजन कर प्रभावना वितरण किया जा रहा है।

## सार-समाचार

## महंगी पढ़ाई के खिलाफ आवाज बुलंद

### ● किताबें सस्ती करो, मनमानी पर लगाम लगाओ: शांति जैसानी

**अनोखा तीर, हरदा।** शिक्षा के बढ़ते खर्च को लेकर अब विरोध तेज हो गया है। जमना जैसानी फाउंडेशन ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस और महंगी किताबों के खिलाफ आवाज उठाते हुए सरकार से तत्काल सख्त कदम उठाने की मांग की है। फाउंडेशन के सदस्य शांति कुमार जैसानी ने कहा कि आज शिक्षा आम आदमी की पहुंच से धीरे-धीरे दूर होती जा रही है। निजी स्कूल ट्यूशन फीस के अलावा एडमिशन, वार्षिक शुल्क, एक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट के नाम पर अभिभावकों से भारी-भरकम राशि वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा, फीस के साथ महंगी किताबों का बोझ अभिभावकों की कमर तोड़ रहा है। हर वर्ष नई किताबें लागू करने की परंपरा ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। मध्यम और सामान्य वर्ग के परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए कर्ज लेने तक को मजबूर हैं। फाउंडेशन ने मांग की है कि स्कूल की किताबों के दामों पर सख्त नियंत्रण लागू किया जाए, हर साल किताब बदलने की अनावश्यक परंपरा पर रोक लगे, निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण के लिए कड़े नियम बनाए जाएं तथा अतिरिक्त शुल्क (एडमिशन, एक्टिविटी, ट्रांसपोर्ट) में पारदर्शिता अनिवार्य की जाए। साथ ही स्कूलों में बुक बैंक और सस्ती किताबों की व्यवस्था लागू करने की बात भी कही गई है। फाउंडेशन ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा एक मूलभूत अधिकार है, इसे मुनाफे का जरिया नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर समय रहते नियंत्रण नहीं हुआ, तो शिक्षा केवल अमीरों तक सीमित रह जाएगी। फाउंडेशन ने सरकार से अपील की है कि शिक्षा को सुलभ, सस्ती और समान बनाने के लिए तुरंत प्रभावी नीति लागू की जाए, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से पढ़ाई से वंचित न रहे।



## प्रोग्रेसीव पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रोग्रेसीव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज नर्मदेश्वर मंदिर एल.आई.जी. कॉलोनी में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित पेंशनरों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं फूलों की वर्षा कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर होली के गीत और शायरी की प्रस्तुति विनय पांडे, केके गुर्जर एवं जीपी सैनी द्वारा की गई। पेंशनरों की 7 सूत्रीय मांगों के 70 पत्र प्रधानमंत्री



को प्रेषित किए गए हैं, जिन पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष श्यामलाल बोघे ने उपस्थित पेंशनरों को दी। पेंशनरों ने जल संरक्षण की सामूहिक शपथ ली तथा पक्षियों के लिए अपने-अपने निवास पर पानी के सकोरे भरकर रखने का संकल्प लिया। तहसील शाखा के अध्यक्ष आरबी गुर्जर ने व्यक्तिगत कारणों से अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दिया। तहसील शाखा के आगामी गठन तक मदनलाल सोनी को सर्वसम्मति से कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी देविदास काकडे ने किया। जीसी मालवीय, आरबी गुर्जर, एचके लोहाना, जगदीश सिंह मडलोई, विनय पांडे, नंदलाल फुलरे, आरएस नेगी, एचआर फुलरे, एमएल लोहाना, आरसी तिलवारे, टीआर टाले आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल सेवा केंद्र शुरु

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड हरदा के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में राहगीरों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जल सेवा कार्य प्रारंभ किया गया। इस अभियान के तहत ग्राम



जुगरिया, खेडीनीमा, बागरूल, हडिया, बरखेड़ी, करनपुरा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति हरदा, अवगांव खुर्द, बैसबा सहित अन्य ग्रामों में जल सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं, जहां राहगीरों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने बताया कि विकासखंड हरदा के सभी प्रस्फुटन ग्रामों में कुल 28 स्थानों पर तथा पांच नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से यह व्यवस्था जन सहयोग से संचालित की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर हंडिया से जनपद सदस्य श्रीमती मंजु धनगर, सुरेश माणिक, अशोक धनगर, दीपांशु सोनी, कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र व्यास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चना व मसूर का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई तक

## 7 उपार्जन केन्द्र बनाए

**अनोखा तीर, हरदा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई 26 तक किए जाना है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि निर्देशों के परिपालन में जिले में 7 चना उपार्जन केंद्र शासकीय वेयरहाउस में स्थापित किए गए हैं। इनमें शासकीय वेयर हाउस खेडा - सेवा सहकारी समिति खेड़ा एवं सोनतालाई, शासकीय वेयरहाउस सुल्तानपुर- सेवा सहकारी समिति गहाल, मसनगांव, रहटाकलां, शासकीय वेयर हाउस सक्तापुर - सेवा सहकारी समिति बेड़ियाकलां तथा शासकीय वेयरहाउस खिरकिया कृषि उपज मंडी सेवा सहकारी समिति मोरगड़ी शामिल है। उप संचालक श्री कास्दे ने किसानों से अनुरोध किया है कि चना उपार्जन केन्द्रों पर चना फसल के स्लॉट बुक कर, सुविधा अनुसार समयावधि में अपनी फसल का विक्रय कर सकते है।

## हरदा नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग 8 सत्रों में संपन्न





**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग 8 सत्रों में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र के बाद प्रथम सत्र में कार्य पद्धति विषय पर जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में प्रदेश सरकार की योजनाओं पर कमल पटेल ने जानकारी दी। तृतीय सत्र में सोशल मीडिया नमो ऐप विषय पर दीपक नेमा ने अपने विचार रखे, जबकि चतुर्थ सत्र में कार्य विस्तार पर अशोक पारासर ने संबोधित किया। पंचम सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर बसंत सिंह राजपूत ने जानकारी दी। छठवें सत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं पर डॉ.प्रभुराम चौधरी ने विस्तार से बताया। सप्तम सत्र में हमारा वैचारिक अधिष्ठान विषय पर देवी सिंह शांखला ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। समापन सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर प्रदेश के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो राष्ट्र को प्रथम रखते हुए कार्य करता है। पार्टी उसमें दूसरे स्थान पर होती है और तीसरे स्थान पर व्यक्ति (कार्यकर्ता) आता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को बड़ा दिल रखकर कार्य करना चाहिए और हमेशा पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए समय-समय पर उनसे मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई साथी किसी कारणवश नाराज होकर दूर हो गया है, तो उसे पुनः जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। कार्यकर्ता को अपनी भूल को याद रखते हुए और सामने वाले की भूल को माफ करते हुए बड़े दिल से कार्य करना चाहिए, जिससे भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत हो तथा आने वाले समय में कार्य को और गति मिल सके। समापन सत्र में हेमंत खंडेलवाल, कमल पटेल, प्रभु राम चौधरी, भरत राजपूत, राजेश वर्मा, गजेंद्र शाह, देवी सिंह सांखला, बसंत राजपूत, राजेश गोदारा, मनीष निशोद, नितेश बादर सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण

### 5 दुकानदार व 12 परिवारों को नोटिस, आज तहसील में करेंगे जवाब पेश



**अनोखा तीर, सोडलपुर।**

ग्राम के कान्हा बाबा चौक से अंदर गांव के मुख्य मार्ग पर वर्षों से किए गए अतिक्रमण को लेकर राजस्व विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को विभाग द्वारा 17 लोगों को नोटिस जारी किए गए, जिनमें 5 दुकानदार और 12 परिवार शामिल हैं। नोटिस में सभी को 30 मार्च को रहटगांव तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई से प्रभावित परिवारों और व्यापारियों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, ये परिवार कई वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और छोटे-छोटे व्यवसाय चलाकर जीवनयापन कर रहे हैं। अचानक



नोटिस मिलने से उनके सामने रहने और रोजगार दोनों का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों के पास वैकल्पिक आवास की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने से पहले इन परिवारों के पुनर्वास की उचित व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि उन्हें बेघर होने की स्थिति का सामना न करना पड़े। साथ ही छोटे व्यापारियों के लिए भी ऐसी जगह उपलब्ध कराई जाए, जहां वे अपनी दुकानों का संचालन सुचारू रूप से जारी रख सकें। अब देखना होगा कि तहसील में होने वाली सुनवाई में क्या निर्णय लिया जाता है और प्रभावित परिवारों को किस प्रकार की राहत मिलती है।

### इनका कहना

रहटगांव तहसील से सभी को नोटिस मिले थे, जिनका वितरण कर दिया गया है। तहसील से जो आदेश होगा, आगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**रोहित वर्मा, हल्का पटवारी, सोडलपुर**

## नाले का पानी वार्ड की सड़कों पर फैलने से बढ़ी परेशानी

**अनोखा तीर, सिराली।** नगर के वार्ड क्र. 5 में निकासी नाले का पानी सड़कों पर फैलने और सड़क किनारे भरा रहने से राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड के निसार खान, यूनुस और जाकिर पठान ने बताया कि नाला पूरी तरह ढका नहीं है और बार-बार ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी प्रतिदिन सड़कों पर फैल जाता है, जिससे आवागमन में दिक्कतें आती हैं। उन्होंने नगर परिषद से मांग की है कि नाले के मुहाने पर व्यवस्थित



चैंबर बनाकर निकासी व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि पानी सड़कों पर न फैले। इस संबंध में वार्ड 5 के पार्षद हयात पटेल ने बताया कि नगर परिषद द्वारा वार्ड 6 की मुख्य सड़क से निकासी का पानी इसी नाले के माध्यम से वार्ड क्र.5 से होकर गुजरता है। नाले को व्यवस्थित रूप से ढका नहीं गया है और उचित चैंबर की व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है और लोग बीमारियों की आशंका के बीच रहने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि चामुंडा माता मंदिर और मस्जिद तक जाने का यह एकमात्र मार्ग है, जिससे लोगों का आना-जाना होता है। सड़क पर पानी भरा रहने से बदबू और मच्छरों की समस्या बढ़ रही है, जिससे लोगों में नाराजगी है। पार्षद हयात पटेल ने कहा कि इस समस्या से नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है। यदि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो वार्ड के नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

# कीर्तियशा म.सा. के संथारे के 27वें दिवस पर श्री संघ के सदस्यों ने लिया दर्शन लाभ

**अनोखा तीर, खिरकिया।** धर्म नगरी रतलाम स्थित समता सदन में शासन दीपिका साध्वी शकुंतला श्रीजी एवं साध्वी प्रीति सुधा जी म.सा. आदि ठाणा 9 की सेवा, समर्पण, भक्ति और वात्सल्यता से गुरु कृपा अंतर्गत संथारा साधिका, दृढ़ मनोवली महासती साध्वी श्री कीर्तियशा जी का तिंविहार संथारा रविवार को 28वें दिन भी सुखपूर्वक गतिमान रहा। 28 मार्च शनिवार को संथारा साधिका साध्वी श्री कीर्तियशा जी के पावन दर्शन एवं सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर म.सा. का पसंदीदा भजन गुरुवर तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए, सच कहता हूं मेरी तकदीर बदल जाए, रामा तेरे चरणों की सुनते हैं दया तेरी दिन-रात बरसती है, मेरे इस जीवन की बस एक तमन्ना है, तुम सामने हो मेरे, मेरे प्राण निकल जाए। रतलाम साधुमार्गी संघ के पदाधिकारियों एवं गुरु भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसका मांगलिक श्रवण करने का सुमधुर अवसर मिला। साथ ही रतलाम समता में विराजित शासन दीपक हिमांशु मुनिजी म.सा., जयप्रभ जी म.सा. के दर्शन, सानिध्य एवं मार्गदर्शन का लाभ भी प्राप्त हुआ। इंदौर समता भवन में विराजित शासन दीपिका साध्वी श्रीकांता श्रीजी म.सा., रंजना श्रीजी म.सा., सुलोचना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 16 सहित 28 संत एवं सतीयाजी के दर्शन-सानिध्य का लाभ प्राप्त हुआ। रतलाम संघ के श्रद्धानिष्ठ गुरु भक्तों की सेवाएं अनुकरणीय और सराहनीय रहीं। इस अवसर पर खिरकिया श्री संघ से आशीष समदड़िया, रत्ना समदड़िया, बाबई श्री संघ से प्रफुल्ल गोलछा, रानू गोलछा सहित रतलाम श्री संघ के गुरु भक्तों के साथ साधुमार्गी संघ से संबंधित विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री एवं रतलाम सा. जैन अध्यक्ष विनोद मेहता, संरक्षक मदनलाल कटारिया, सुशील गोरेचा, पंकज मुणत, सुनील पटवा, भंवरलाल पिरोदिया, मणिलाल घोटा, कमल पिरोदिया, अभय चोपड़ा, पंकज कटारिया, ललित कटारिया, कमल धम्मानी, पवन गोरेचा, निलेश मुणत, महावीर मुणत, ललित राजावत, अजय घोटा, अक्षय बाफना आदि उपस्थित रहे।

# शासन की उदासीनता से शासकीय जमीनों पर लगे फलदार वृक्षों की वर्षों से नहीं हो रही नीलामी

**अनोखा तीर, रहटगांव।**

रहटगांव क्षेत्र में शासकीय जमीनों पर लगे आम, जामुन और सीताफल के फलदार वृक्षों से लाखों रुपए की आमदनी संभव है, जो शासन के खजाने में जानी चाहिए। इससे शासन को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता है और वृक्षों का बेहतर रखरखाव भी सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही अवैध कटाई पर अंकुश लगेगा और पर्यावरण को शुद्ध ऑक्सीजन भी मिलती रहेगी। जो पेड़ वृद्ध हो गए हैं या सूख चुके हैं, उनका उपयोग मुक्तिधाम में अंत्येष्टि के लिए तथा ठंड के दिनों में शासकीय परिसरों में अलाव जलाने के काम में लिया जा सकता है। रहटगांव में दो सौ से अधिक आम के पेड़ सहित सीताफल और जामुन के पेड़ मौजूद हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ऐतिहासिक रूप से और कई राज्यों के राजस्व नियमों के तहत शासकीय जमीनों पर स्वतः उगे या लगाए गए फलदार वृक्षों (जैसे आम, सीताफल, जामुन) की नीलामी 'शिवाय' या 'शिवाई' मद के अंतर्गत की जाती रही है। रहटगांव में खसरा नंबर 118 रखवा 1.3760 अमराई एवं खसरा नंबर 119 रखवा 13 हेक्टेयर 0.510 भूमि में दो एकड़ आईटीआई, दो एकड़ तहसील और दो एकड़ आदिम जाति छात्रावास भवन शामिल हैं। इसके अलावा शासकीय रास्तों सहित अन्य स्थानों पर भी फलदार पेड़ लगे हुए हैं। वहीं खसरा नंबर 110/3 गोठान,



खसरा नंबर 110/6 चराई और खसरा नंबर 107/2 गोठान भूमि पर भी अनेक आम सहित अन्य फलदार वृक्ष मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, राजस्व अभिलेखों में पंजीकरण के तहत पटवारी या स्थानीय राजस्व अधिकारी द्वारा उन शासकीय जमीनों का सर्वे किया जाता था, जहां फलदार वृक्ष मौजूद हैं। इन पेड़ों को 'शिवाय चक' या सरकारी संपत्ति के रूप में दर्ज किया जाता था। फल आने के सीजन से पहले जैसे आम के लिए मार्च-अप्रैल स्थानीय कोटवार या पटवारी पेड़ों पर लगी बौर या फलों की स्थिति देखकर संभावित उपज का आंकलन करते थे, जिसके आधार पर न्यूनतम नीलामी राशि तय की जाती थी।

नीलामी की तारीख से पहले गांव में मुनादी (ढोल बजाकर घोषणा) कराई जाती थी तथा ग्राम पंचायत के सूचना पटल और तहसील कार्यालय में नोटिस चस्पा किया जाता था। जो व्यक्ति सबसे ऊंची बोली लगाता था, उसे उस सीजन के लिए फल तोड़ने का अधिकार दिया जाता था। यह नीलामी केवल फलों के उपभोग के लिए होती थी, जिसमें ठेकेदार को केवल फल तोड़ने की अनुमति होती थी, पेड़ों को नुकसान पहुंचाने या काटने का अधिकार नहीं होता था और जमीन पर उसका कोई मालिकाना हक नहीं बनता था। अब खुली नीलामी के बजाय स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है, जिससे ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिल सके। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में शासकीय भूमि पर लगे फलदार वृक्ष शासन की संपत्ति होते हैं। यदि समय पर इनकी नीलामी नहीं होती, तो राजस्व हानि के साथ फलों की चोरी और पेड़ों के रखरखाव में लापरवाही की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

## मंडी भाव

**मंडी भाव हरदा**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2010 | 2446 |
| चना | 3200 | 5294 |
| सोयाबीन | 3000 | 5390 |
| मूंग | 4001 | 8700 |
| सरसो | 4940 | 5796 |
| मक्का | 1225 | 1591 |
| तुअर | 5001 | 7100 |
| उड़द | 4900 | 4900 |
| बटाना | 2701 | 3601 |
| काटू चना | 4001 | 5364 |
| डॉलर चना | 4100 | 6899 |

**सिराली**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2052 | 2460 |
| चना | 4800 | 5199 |
| सोयाबीन | 3500 | 5180 |
| मक्का | 1200 | 1530 |

**खिरकिया**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 1994 | 2356 |
| चना | 3000 | 5201 |
| सोयाबीन | 3900 | 5823 |
| मूंग | 5300 | 7350 |
| सरसो | 4401 | 5451 |
| तुअर | 3200 | 7500 |

# संपादकीय | होर्मुज पर नरमी से खुली उम्मीद की राह



पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने जवाब के तौर पर जो मोर्चे खोले, उसमें होर्मुज जलमार्ग को बाधित करना उसकी एक कारगर रणनीति साबित हुई है। इसी वजह से आज हालत यह है कि दुनिया के कई देश ईरान के सख्त रुख की वजह से कच्चे तेल और गैस के संकट का सामना कर रहे हैं। इनमें वैसे देश भी हैं, जिन्होंने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की है, वे किसी भी पक्ष में मैदान में नहीं हैं और मतभेद के मुद्दों का हल संवाद के जरिए करने के समर्थक हैं। भारत ने भी पश्चिम एशिया में उभरे संकट का समाधान बातचीत से निकालने के लिए आवाज उठाई है। शायद यही वजह है कि अब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से चीन और रूस सहित जिन पांच देशों को अपने जहाज निकालने की छूट दी है, उनमें भारत भी शामिल है। यों भारत आने वाले चार जहाज पहले ही होर्मुज जलमार्ग को पार कर चुके हैं, लेकिन अठारह जहाज उसी इलाके में फंसे हुए थे। ईरान के ताजा रुख के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत के बाकी जहाज वहां से निकल कर आ सकेंगे और इससे देश में तेल और गैस के गहराते संकट को कम करने में मदद मिलेगी।

हालांकि अमेरिका और इजरायल को लेकर ईरान अब भी सख्त है और शांति प्रस्तावों को लेकर भी उसने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर होर्मुज जलमार्ग पर उसके रुख में आई नरमी से दुनिया के कुछ देशों को राहत मिल सकती है।

बाकी ईरान जिन्हें शत्रु देश मानता है, उनके जलपोतों को लेकर वह अब भी सख्त है। जहां तक भारत का सवाल है, तो ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कुछ ऐसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दी है, जिन्हें हम मित्र मानते हैं।

इसमें चीन, रूस, भारत, इराक तथा पाकिस्तान शामिल हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से भारत ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संवाद के जरिए पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म कराने के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग से अपने लिए भी एक रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा था। कुछ उतार-चढ़ाव को छोड़ दें, तो भारत और ईरान के संबंध दोस्ताना रहे हैं। ऐसे में अगर ईरान ने अगर होर्मुज जलमार्ग के रास्ते आवागमन के लिए भारत को भी सुविधा दी है, तो कूटनीतिक संवाद के एक सकारात्मक हासिल के साथ-साथ इसे उन्हीं संबंधों की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा रास्ता है, जिससे होकर दुनिया के कई देशों के जलपोत आवाजाही करते हैं। दुनिया के करीब बीस फीसद तेल और तरल प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी रास्ते से होता है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, उसके बाद से विश्व भर में तेल और गैस की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल आया है। भारत की भी ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत पश्चिम एशिया रहा है। मौजूदा संकट के बीच सरकार ने तेल और गैस का पर्याप्त भंडार होने की बात कही है, लेकिन सच यह है कि आम लोग रसोई गैस, तेल और उर्वरकों की कमी से उपजी मुश्किल का सामना कर रहे हैं।

अब होर्मुज जलमार्ग पर ईरान की नरमी से भले ही फौरी राहत मिल सके, लेकिन जरूरत इस बात की है कि संयुक्त राष्ट्र सहित सभी पक्षों की ओर से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को खत्म कराने के लिए ठोस पहल हो।

**भगवान महावीर के इस सृष्टि पर अनन्त उपकार हैं, वह जिन थे, जिन का अर्थ होता है विजयी। उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति या देश को नहीं जीता, उन्होंने जीता अपने ही अंदर छिपे शत्रुओं को। उन्हें जीता ही नहीं, अपितु उन्हें जीतने का सबको मार्ग भी बताया। अहिंसा, सत्य, अचौर्य और ब्रह्मचर्य ही वह मार्ग है, जिस पर चलने वाला अपने अन्तरंग शत्रुओं को जीत सकता है। भगवान महावीर ने कहा कि आत्मा के तीन बड़े शत्रु हैं, काम, क्रोध और लोभ। इनके चक्कर में पड़ा हुआ व्यक्ति जीवन में कभी अच्छे कार्य नहीं कर पाता।**

# दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिए महावीर स्वामी के सिद्धांतों की प्रासंगिकता

**महावीर जयंती...**

-अंजनी सक्सेना

विश्व वंदनीय भगवान महावीर के जीवन एवं दर्शन का गहराई से अध्ययन करते हुए हम पाते हैं कि वे किसी एक जाति,वर्ग या सम्प्रदाय के न होकर सम्पूर्ण मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं। वह सबके थे और सब उनके थे। जिस समय भगवान महावीर का अवतरण हुआ, दुनिया में हिंसा एवं अत्याचार का बोल-बाला था। महावीर स्वामी ने विषम परिस्थितियों में दुनिया को सत्य और अहिंसा का सच्चा मार्ग दिखलाया। भगवान महावीर एक युग पुरुष, युग दृष्टा, एवं महामानव थे। अहिंसा के महावतार भगवान महावीर का जन्म बिहार प्रांत के कुण्डलपुर में राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला के यहां हुआ था। वे जैन धर्म के 24वें तीर्थकर थे। क्षत्रिय राजकुमार होने के बावजूद भी उन्होंने कभी विश्वविजय का सपना नहीं देखा। भगवान महावीर ने सन्यासी बनकर राजपाट, वैभव का त्याग कर 12 वर्ष 6 माह मौन धारण कर तपस्या कर कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति की। आपने प्राणी मात्र के सुख के लिये जिओ और जीने दो का अमूल्य मंत्र दिया। भगवान महावीर ने कहा जो अपनी अंतर आत्मा को जीतने में सफल हो जाता है वही सच्चा वीर कहलाता है। संसार में जैन धर्म अहिंसा, शांति, प्रेम और मैत्री का अमर संदेश लेकर आया है।



विश्व प्रेम ही भगवान महावीर का दिव्य संदेश है। भगवान महावीर के इसी सिद्धांत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन का मूल मंत्र माना था। उनका कथन था पाप से घृणा करो,पापी से नहीं। उन्होंने विरोधी को कभी विरोध से नहीं वरन् सद्भावना एवं शांति से जीता।

भगवान महावीर के इस सृष्टि पर अनन्त उपकार हैं, वह जिन थे, जिन का अर्थ होता है विजयी। उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति या देश को नहीं जीता, उन्होंने जीता अपने ही अंदर छिपे शत्रुओं को। उन्हें जीता ही नहीं, अपितु उन्हें जीतने का सबको मार्ग भी बताया। अहिंसा, सत्य, अचौर्य और ब्रह्मचर्य ही वह मार्ग है, जिस पर चलने वाला अपने अन्तरंग शत्रुओं को जीत सकता है।

भगवान महावीर ने कहा कि आत्मा के तीन बड़े शत्रु हैं, काम, क्रोध और लोभ। इनके चक्कर में पड़ा हुआ व्यक्ति जीवन में कभी अच्छे कार्य नहीं कर पाता। स्वकल्याण के लिये इन पर विजय प्राप्त करना बहुत आवश्यक है।

वह स्वयं क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हुए थे, उनके मुख्य गणधर इंद्रभूमि गौतम ब्राह्मण थे तथा उनकी धर्म सभा (समवशरण) में सभी धर्मों और जातियों के लोग उन्हें सुनने के लिए आते थे उन्हें केवल जैनों या जैन मंदिरों तक सीमित रखना उनके विशाल एवं विराट व्यक्तित्व के प्रति अन्याय है। वह जैन नहीं जिन थे। जो इन्द्रियजन्य वासनाओं और मनोजन्य कषायों को जीत लेते हैं, वे कहलाते हैं जिन। किसी का कल्याण जैन बनकर नहीं, जिन बनकर ही हो सकता है।

भगवान महावीर ने कहा है त्याग व तपस्या से जीवन महान बनता है। श्रावकों को अपने आचरण में अहिंसा तथा जीवन में अपरिग्रह रखना चाहिए।

युगदृष्टा, अहिंसा, करुणा, परोपकार की पावन प्रेरणा देने वाले भगवान महावीर के जन्मोत्सव के पुनीत अवसर पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। वर्तमान में विश्व में बढ़ रही हिंसा की प्रवृति पर अंकुश लगाने भगवान महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक हैं। महावीर के सिद्धांत प्राणीमात्र के लिए हितकारी हैं। वर्तमान में दुनिया भर में राजनेताओं की कथनी और करनी में अंतर है जबकि राजनेताओं की कथनी और करनी में समानता और एकरुपता होना चाहिये।

विश्व में आज अहिंसा और प्रेम के स्थान पर हिंसा और नफरत का वातावरण बनाया जा रहा है। सत्ता और धन ही सब कुछ हो गया है। देश हित और आदर्श की बातें करने वाले ही यह सब कुछ कर रहे हैं। हजारों वर्ष की तपस्या के बाद जिन मूल्यों की स्थापना हुई है, उन्हें नष्ट किया जा रहा है। त्याग, सेवा, परोपकार के मार्ग पर चलने के बजाए सभी अपने-अपने स्वार्थों को पूरा करने में लिप्त हो गये हैं।

वर्तमान में नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने के स्थान पर उन्हें गुमराह किया जा रहा है, नई पीढ़ी भगवान महावीर की संस्कृति एवं संस्कारों से विमुख होकर अपसंस्कारों की संस्कृति का अनुकरण कर रही है।

दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिए हमें हर कीमत पर भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलना होगा। तभी शांति की प्राचीन परम्पराओं और विरासत की रक्षा होगी। भारत ने हिंसा में कभी भी विश्वास नहीं किया। हमारा विश्वास भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर दूसरों की जान लेकर जीने में नहीं वरन् अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की रक्षा करने में है। वर्तमान परिस्थिति में भगवान महावीर द्वारा बताये गये मार्ग का अनुसरण करने में ही हम सबका कल्याण है।

# "मैं" से "हम" - मांगने से देने तक: मनुष्य से ईश्वरत्व की यात्रा

**वास्तव में, ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार मनुष्य को उसकी सृजनशीलता और संवेदनशीलता है। मनुष्य केवल लेने वाला प्राणी नहीं है; वह देने वाला, रचने वाला और संवारने वाला भी है। वह किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है, किसी टूटे मन को सहारा दे सकता है, किसी निराश व्यक्ति में आशा जगा सकता है। और यही नहीं, वह बिना किसी अपेक्षा के प्रेम बांट सकता है। यही वह गुण है, जो मनुष्य को ईश्वर के सबसे निकट ले जाता है।**



-सुशील कुमार जैन

लेखक एवं स्तंभकार

ईश्वर की कृपा पाना तो हर कोई चाहता है, पर उसे पाने का सरल और सहज मार्ग बहुत कम लोग समझ पाते हैं। अक्सर मनुष्य कठिन साधनाओं, जटिल विधियों और बाहरी आडंबरों में उलझ जाता है। वह दूर-दूर तक भटकता है, अनेक उपाय करता है, परंतु फिर भी उस शांति और कृपा को अनुभव नहीं कर पाता जिसकी उसे तलाश होती है। विडंबना यह है कि इस खोज में वह कई बार अपने ही बने-बनाए कार्यों को बिगाड़ लेता है। जो जीवन सहज और सुंदर हो सकता था, वह जटिलता और असंतोष से भर जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि ईश्वर की कृपा का मार्ग न तो कठिन है और न ही दूर-वह तो हमारे अपने व्यवहार, हमारे विचार और हमारे देने के भाव में ही छिपा हुआ है।



आज का मनुष्य एक गहरे द्वंद्व में जी रहा है। उसके हाथ तो जुड़े हैं, पर उसका हृदय खुला नहीं है। वह श्रद्धा के साथ मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और चर्चों में सिर झुकाता है, प्रार्थनाएं करता है, इच्छाएं व्यक्त करता है-पर जीवन के व्यवहार में देने का भाव कहीं खो सा गया है। भक्ति का स्वर ऊंचा है, पर संवेदना की ध्वनि धीमी पड़ती जा रही है। हमने ईश्वर को एक ऐसी सत्ता में सीमित कर दिया है, जिसके सामने जाकर हम केवल अपनी इच्छाओं की सूची प्रस्तुत करते हैं-सफलता चाहिए, धन चाहिए, संबंधों में सुख चाहिए, समस्याओं से मुक्ति चाहिए। यह मांगना स्वाभाविक है, क्योंकि मनुष्य अपूर्ण है। परंतु समस्या तब शुरू होती है, जब यह मांगना ही हमारा स्वभाव बन जाता है, और हम यह भूल जाते हैं कि जिस ईश्वर से हम मांगते हैं, उसने हमें पहले ही कितना कुछ देकर इस संसार में भेजा है-जीवन, चेतना, भावनाएं, विचार और सबसे महत्वपूर्ण, देने की क्षमता।

वास्तव में, ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार मनुष्य को उसकी सृजनशीलता और संवेदनशीलता है। मनुष्य केवल लेने वाला प्राणी नहीं है; वह देने वाला, रचने वाला और संवारने वाला भी है। वह किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है, किसी टूटे मन को सहारा दे सकता है, किसी निराश व्यक्ति में आशा जगा सकता है। और यही नहीं, वह बिना किसी अपेक्षा के प्रेम बांट सकता है। यही वह गुण है, जो मनुष्य को ईश्वर के सबसे निकट ले जाता है।

फिर भी, विडंबना देखिए-हम इस दिव्य क्षमता को पहचानने के बजाय स्वयं को अभावग्रस्त मानते रहते हैं। हम अपनी शक्तियों को भूलकर, परिस्थितियों के सामने स्वयं को छोटा समझकर, एक भिखारी की तरह जीवन जीने लगते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि जो व्यक्ति देने का भाव अपनाता है, वही भीतर से सबसे अधिक समृद्ध होता है। ईश्वर के निकट वही है, जो बिना शर्त देने का साहस रखता है।

धर्म की हमारी परिभाषा भी कहीं न कहीं सीमित हो गई है। हमने उसे पूजा-पाठ, व्रत, अनुष्ठान और बाहरी आडंबरों तक सीमित कर दिया है। जबकि सच्चा धर्म उन छोटे-छोटे क्षणों में प्रकट होता है, जब हम किसी के दुःख को समझते हैं, जब हम बिना कारण किसी की प्रशंसा करते हैं, जब हम किसी को यह एहसास दिलाते हैं कि वह महत्वपूर्ण है। एक सच्ची मुस्कान, एक मधुर शब्द, एक सरल धन्यवाद-ये सब छोटे प्रतीत होने वाले कार्य वास्तव में जीवन के बड़े आध्यात्मिक कर्म हैं। ये ऐसे दीपक हैं, जो चुपचाप अंधकार को दूर करते रहते हैं।

जब मनुष्य देना शुरू करता है, तो उसके भीतर एक सूक्ष्म परिवर्तन होता है। उसका मैं धीरे-धीरे कम होने लगता है और हम का विस्तार होने लगता है। वह यह समझने लगता है कि जीवन केवल अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बेहतर बनाने के लिए है। यही वह क्षण होता है, जब मनुष्य अपने सीमित अस्तित्व से ऊपर उठकर ईश्वरत्व को छूने लगता है। क्योंकि ईश्वर का स्वभाव ही है-निरंतर देना, बिना किसी अपेक्षा के देना।

आज समाज में धर्म की चर्चा बहुत है, पर संवेदना की कमी भी उतनी ही स्पष्ट है। लोग पूजा तो करते हैं, पर व्यवहार में कठोरता दिखाते हैं। वे प्रार्थनाएं करते हैं, पर दूसरों के दुःख को महसूस करने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारा धर्म केवल एक परंपरा बनकर रह गया है, या वह हमारे आचरण में भी उतर रहा है? यदि हमारा धर्म हमें अधिक विनम्र, अधिक दयालु और अधिक देने वाला नहीं बना रहा, तो वह अधूरा है।

समय की मांग है कि हम अपने भीतर झांकें और इस मूल सत्य को पहचानें कि ईश्वर कहीं बाहर नहीं, हमारे भीतर ही है। वह हमारे हर अच्छे विचार, हर सकारात्मक भावना और हर निस्वार्थ कर्म में प्रकट होता है। जब हम किसी को मुस्कान देते हैं, तो वह ईश्वर की ही मुस्कान होती है। जब हम किसी को सहारा देते हैं, तो वह ईश्वर का ही स्पर्श होता है।

इसलिए अगली बार जब हम ईश्वर के सामने खड़े हों, तो केवल मांगने के लिए नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने के लिए ठहरें। यह प्रश्न करें-आज मैं किसके लिए कुछ कर सकता हूँ? आज मैं किसके जीवन में थोड़ी रोशनी ला सकता हूँ? यही प्रश्न हमें भीतर से बदलने की क्षमता रखते हैं।

अंततः, जीवन का सार इसी में है कि ''हम'' ''मैं'' से ''हम'' की ओर बढ़ें, मांगने से देने की ओर कदम बढ़ाएं। क्योंकि देना केवल एक कर्म नहीं, बल्कि एक अवस्था है-एक ऐसा भाव, जिसमें मनुष्य स्वयं को विस्तृत करता है और दूसरों में अपना अंश देखता है। यही सच्ची पूजा है, यही सच्चा धर्म है।

मंदिरों में सिर झुकाने से पहले यदि हम अपने हृदय को झुकाना सीख लें, तो शायद हमारा जीवन ही एक प्रार्थना बन जाए। और तब हम पाएंगे कि ईश्वर को पाने की यात्रा कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारे अपने कर्मों और भावनाओं के भीतर ही पूरी हो रही है।

-देना ही सच्ची पूजा है, और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म।

# छोटे-छोटे खुशियों के पल जिंदगी को बना देते हैं आनंदमय

**अगर हम अपने भीतर आशा को जीवित रखें, छोटी-छोटी खुशियों को स्वीकार करें और अपने व्यवहार से दूसरों के जीवन में भी उत्साह और शांति का प्रकाश फैलाएं, तो जीवन का मार्ग अधिक सरल और सुंदर बन सकता है। इस प्रकार जीवन को केवल चिंता और तनाव के रूप में देखना उसके व्यापक अर्थ को सीमित कर देना है। जीवन एक ऐसी यात्रा है, जिसमें आनंद, आशा, संघर्ष और अनुभव, सभी मिलकर हमारे अस्तित्व को पूर्णता प्रदान करते हैं। जब हम इस सत्य को समझ लेते हैं, तब हम जीवन को केवल जीते ही नहीं, बल्कि उसे गहराई से अनुभव भी करते हैं।**

**मनीषा मंजरी**



हमारा यह जीवन केवल सांसों का नियमित प्रवाह नहीं है, बल्कि अनुभवों, भावनाओं और चेतना की एक गहन यात्रा भी है। इस यात्रा में सामान्यतः सुख और दुख, आशा और निराशा, संघर्ष और विश्राम सब एक साथ चलते रहते हैं। पर आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं ने हमारे मन को इतना व्याकुल कर दिया है कि हम जीवन के वास्तविक सौंदर्य और आनंद को महसूस नहीं कर पाते हैं। हमें ऐसा लगता है कि हमारे जीवन का अधिकांश भाग चिंता, तनाव और असंतोष से भरा हुआ है। मगर गहराई से विचार करें, तो पाएंगे कि मनुष्य का जीवन केवल चिंता और तनाव के लिए नहीं है, बल्कि आनंद, आशा और संतुलन के लिए भी है। जीवन की कठिनाइयां हमें परखने और मजबूत बनाने के लिए आती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य हमारे भीतर के उत्साह और आशा को समाप्त करना नहीं होता।

जब हम जीवन को केवल समस्याओं और संघर्षों की शृंखला मान लेते हैं, तब हम अपने ही भीतर के आनंद के स्रोत से दूर हो जाते हैं, लेकिन जीवन को एक व्यापक चेतना की प्रक्रिया के रूप में देखें, तो हमें अनुभव होगा कि चिंता और तनाव जीवन के अंतिम सत्य नहीं हैं। उनके साथ-साथ आनंद, आशा और संतुलन भी जीवन के अभिन्न आयाम हैं। हमारा मन स्वभावतः चंचल होता है। यह या तो अतीत की स्मृतियों में उलझा रहता है या भविष्य की आशंकाओं में स्वयं को भटकाता रहता है। इसी कारण वर्तमान क्षण की सहजता और सुंदरता हमसे अक्सर छूट जाती है। चिंता का मूल भी यही है, वह उस समय पैदा होती है, जब मन वर्तमान से दूर हो जाता है। दर्शन की दृष्टि से देखा जाए, तो जीवन का वास्तविक अनुभव केवल वर्तमान में ही संभव है। जब हमारा मन वर्तमान के इस क्षण को स्वीकार करता है और उसमें उपस्थित छोटी-छोटी खुशियों को पहचानता है, तब जीवन का बोझ हल्का होने लगता है। अक्सर हम यह मान बैठते हैं कि सुख केवल बड़ी-बड़ी सामाजिक उपलब्धियों में निहित है, जैसे प्रतिष्ठा, संपत्ति या सफलता में। मगर यह विचार अधूरा है। जीवन का गहन आनंद कई बार उन साधारण क्षणों में छिपा होता है, जिन्हें हम सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं। जैसे किसी प्रियजन की मुस्कान, प्रकृति का शांत सौंदर्य या मन का एक शांत क्षण। यही छोटे-छोटे अनुभव जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। अगर हम इन सूक्ष्म आनंदों को पहचानना सीख जाएं, तो हमारे भीतर संतोष का भाव विकसित होने लगता है। सकारात्मकता का अर्थ यह नहीं है कि हम दुख या कठिनाइयों से बच सकते हैं। जीवन में संघर्ष और पीड़ा का होना स्वाभाविक है, क्योंकि वही अनुभव हमारे व्यक्तित्व को परिपक्व बनाते हैं। सकारात्मकता का वास्तविक अर्थ यह है कि हम कठिन परिस्थितियों के बीच भी आशा को जीवित रख सकें। यह आशा ही वह शक्ति है, जो अंधकार के क्षणों में भी हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

इसके साथ ही यह भी महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने व्यवहार और शब्दों के माध्यम से दूसरों के जीवन में भी आशा और उत्साह का संचार करें। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका जीवन दूसरों से गहराई से जुड़ा हुआ होता है। हमारे शब्द और व्यवहार कई बार किसी के मन पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। अगर हम अपने व्यवहार में सहानुभूति, करुणा, संवेदनशीलता और सकारात्मकता रखें, तो हम अनजाने में ही किसी के जीवन में प्रकाश की किरण बन सकते हैं। एक स्नेहपूर्ण शब्द, एक प्रोत्साहन या एक छोटी-सी मदद भी किसी निराश व्यक्ति के मन में नई आशा जगा सकती है। यही कारण है कि दार्शनिक दृष्टि से जीवन का मूल्य केवल व्यक्तिगत सुख में नहीं, बल्कि उस प्रकाश में भी है, जिसे हम दूसरों के जीवन में बांटते हैं। जब हम अपने भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को साझा करते हैं, तब हम अपने अस्तित्व को अधिक सार्थक बनाते हैं। आज के युग में जब हम लगातार बाहरी उपलब्धियों की दौड़ में निरंतर व्यस्त रहते हैं, तब यह याद रखना भी जरूरी है कि जीवन की वास्तविक शांति बाहर नहीं, बल्कि भीतर से उत्पन्न होती है। अगर हम अपने भीतर संतुलन, आशा और करुणा को विकसित कर लें, तो बाहरी परिस्थितियां हमें अधिक विचलित नहीं कर पातीं। इस स्थिति में जीवन केवल संघर्ष का क्षेत्र नहीं रह जाता, बल्कि आत्मबोध और अनुभव की एक गहरी यात्रा बन जाता है। यह विचार करना जरूरी है कि जीवन का सत्य यही है और उसमें प्रकाश तथा अंधकार, दोनों साथ-साथ उपस्थित रहते हैं। मगर हमारे पास यह स्वतंत्रता होती है कि हम किस पक्ष को अधिक महत्त्व देते हैं।

यही मौका कई बार सबसे संवेदनशील साबित होता है। अगर हम अपने भीतर आशा को जीवित रखें, छोटी-छोटी खुशियों को स्वीकार करें और अपने व्यवहार से दूसरों के जीवन में भी उत्साह और शांति का प्रकाश फैलाएं, तो जीवन का मार्ग अधिक सरल और सुंदर बन सकता है। इस प्रकार जीवन को केवल चिंता और तनाव के रूप में देखना उसके व्यापक अर्थ को सीमित कर देना है। जीवन एक ऐसी यात्रा है, जिसमें आनंद, आशा, संघर्ष और अनुभव, सभी मिलकर हमारे अस्तित्व को पूर्णता प्रदान करते हैं। जब हम इस सत्य को समझ लेते हैं, तब हम जीवन को केवल जीते ही नहीं, बल्कि उसे गहराई से अनुभव भी करते हैं।

## सार-समाचार

### कपिल मिश्रा ने किया देहदान का संकल्प

**अनोखा तीर, खंडवा।** बड़ाबम निवासी कपिल मिश्रा ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेते हुए घोषणा पत्र भरकर लायन्स नेत्रदान-देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति को सौंपा। यह समिति का 169वां देहदान पंजीकरण है। सक्षम संस्था के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती और समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि संस्था, लायन्स क्लब खंडवा एवं



लियो क्लब खंडवा द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर यह निर्णय लिया गया। पूर्व में देहदान की घोषणा कर चुके हेमंत डोंगरे की प्रेरणा से कपिल मिश्रा ने पत्नी श्रीमती माधुरी मिश्रा और पुत्र ऋषि मिश्रा की सहमति से यह घोषणा पत्र भरा। नारायण बाहेती ने इसे समाज में बढ़ती मानवीय चेतना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर डॉ. सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले, सुनील जैन, राजीव मालवीय, अनिल बाहेती, सुरेंद्र सिंह सोलंकी, हरवंत सिंह कुकरेजा, हेमंत डोंगरे, घनश्याम वाधवा, आशा उपाध्याय, राजीव शर्मा, गांधी प्रसाद गदले, डॉ. राधेश्याम पटेल, रणवीर सिंह चावला, चंचल गुप्ता, अखिलेश गुप्ता सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कपिल मिश्रा ने कहा कि मृत्यु के बाद शरीर को नष्ट करने के बजाय उसका उपयोग मानव सेवा में होना चाहिए। नेत्रदान से किसी को दृष्टि मिल सकती है और देहदान से चिकित्सा शिक्षा को सहयोग मिलता है। समिति के अनुसार अब तक 22 देह मेडिकल कॉलेज को सौंपी जा चुकी हैं तथा 521 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान सफलतापूर्वक कराए गए हैं।

### नवकार नगर में 2 अप्रैल से प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** नवकार नगर स्थित नक्षत्र गार्डन में 2 से 6 अप्रैल तक पांच दिवसीय शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रेरणा एवं लायन्स क्लब खंडवा के सहयोग से आयोजित हो रहा है। समाजसेवी नारायण बाहेती और सुनील जैन ने बताया कि शिविर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय से



प्रशिक्षित प्राकृतिक चिकित्सक एवं न्यूरोथेरेपिस्ट आचार्य सुरेश चौधरी द्वारा उपचार किया जाएगा। शिविर के तहत ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कब्ज, गैस, एसिडिटी, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, सर्वाइकल और माइग्रेन जैसी समस्याओं का प्राकृतिक पद्धति से उपचार किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगा। इससे पूर्व 1 अप्रैल को शाम 6 बजे अनुशासन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। तैयारी बैठक में आचार्य चौधरी ने स्वस्थ जीवनशैली, आहार-विहार और रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार शिविर में बिना दवा के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पंजीयन कर लाभ लेने की अपील की है।

### कोलाडिट में परचरी पुराण का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

**अनोखा तीर, खंडवा।** ग्राम कोलाडिट में संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। चेतना



भारती के सानिध्य में निकली कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची, जहां भक्तों ने उनका स्वागत किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कथा का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा लोक कल्याण की भावना से किया जा रहा है। निमाड़ की माटी की गौरव चेतना भारती की सुमधुर वाणी में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के प्रथम दिवस में चेतना भारती ने कहा कि जीवन का परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति और स्वयं के स्वरूप को पहचानना है। सांसारिक मोह-माया में उलझकर मनुष्य अशांति और कष्ट को प्राप्त करता है, जबकि संत सिंगाजी महाराज जैसे महापुरुष त्याग और भक्ति के माध्यम से मानव को सही मार्ग दिखाते हैं। कथा के पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में भक्ति का वातावरण बना रहा।

### नई नर्मदा पाइपलाइन से जल संकट दूर घरों तक पहुंचा पर्याप्त पानी

**अनोखा तीर, खंडवा।** शहर में नई नर्मदा पाइपलाइन के सफल संचालन से जल समस्या में राहत मिली है। महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में संचालित इस व्यवस्था के चलते अब कई क्षेत्रों में घर-घर पर्याप्त पानी पहुंच रहा है। पूर्व में पुरानी पाइपलाइन में बार-बार लीकेज होने से जल संकट



बना रहता था, खासकर गर्मी के दिनों में टैंकरों पर निर्भरता बढ़ जाती थी। नई पाइपलाइन के शुरू होने के बाद स्थिति में सुधार हुआ है और शहरवासियों को नियमित जल आपूर्ति मिलने लगी है। नगर निगम के अनुसार नई टंकी के माध्यम से शहर के लगभग 10 वार्डों में पानी पहुंचाया जा रहा है, जिससे लोगों में संतोष देखा जा रहा है। पदम कुंड वार्ड की गुप्ता गली, जहां वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई थी, वहां भी अब समस्या का समाधान हो गया है और पर्याप्त प्रेशर के साथ जल आपूर्ति हो रही है। इस कार्य में जल विभाग के प्रभारी राजेश यादव, संजय शुक्ला, प्रेम यादव और हरि मिश्रा सहित टीम ने लगातार प्रयास कर पाइपलाइन को सुचारू रूप से संचालित किया। नागरिकों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त किया है।

---

**सकल जैन समाज के तत्वावधान में आज प्रातः निकलेगी श्रीजी की रथयात्रा**

# अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव आज



**अनोखा तीर, खंडवा।**

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर, पूरे विश्व में जियो और जीने दो तथा अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव तिथि अनुसार 30 मार्च (सोमवार) को धार्मिक उत्साह के साथ जिला मुख्यालय खंडवा में मनाया जाएगा। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि वर्षों पूर्व जैन मुनि तरुण सागर जी महाराज एवं कमल मुनि जी के लिए गए निर्णय के अनुसार सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक रूप से महावीर जयंती का पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी सोमवार को श्री महावीर जन्मकल्याणक महामहोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 5:30 बजे प्रभात फेरी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा से प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सराफा स्थित तुलसी उद्यान पहुंचेगी, जहां अतिथि श्रीमान वीरेंद्र कुमार जैन, श्रीमती विनोदिनी जैन, श्रीमती सुभद्रा बाई जैन द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा।

इसके पश्चात श्रीजी के रथ के पात्रों की बोली लगाई जाएगी एवं प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा प्रभावना वितरण की जाएगी। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा में श्रीजी का आकर्षक पालना श्रीमती पायल, श्रीमती आशिमा, श्रीमती निशा एवं




श्रीमती कल्पना जैन द्वारा सजाया गया है। समाजसेवी सुनील जैन व प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार प्रातः 8 बजे भगवान महावीर की रथयात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर रामगंज, बुधवारा, केवलराम पेट्रोल पंप, बॉम्बे बाजार होते हुए घंटाघर स्थित कीर्ति स्तंभ पर प्रातः 9 बजे पहुंचेगी, जहां अतिथियों ऋषि सिंघई, डॉ. सुभाष जैनी एवं सुरेशचंद लोहाड़िया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा। वहां से रथयात्रा विठ्ठल मंदिर होते हुए श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, घासपुरा पहुंचेगी, जहां सामूहिक आरती के पश्चात नमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पहुंचेगी, जहां समाजजन द्वारा सामूहिक आरती की जाएगी। तत्पश्चात रथयात्रा वापस बजरंग चौक, घंटाघर, सराफा होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी। सुबह 11 बजे श्री पोरवाड़ दिगंबर जैन धर्मशाला में श्रीजी का अभिषेक, पूजन व शांति धारा के पश्चात अग्रवाल धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य भोज का आयोजन सकल जैन समाज एवं जैन सोशल ग्रुप के सौजन्य से रखा गया है। पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने समाजजनों से निवेदन किया कि प्रभात फेरी एवं जुलूस में पुरुष श्वेत वस्त्र, महिलाएं केसरिया वस्त्र तथा मंडल वाले अपने ड्रेस कोड में पधारकर रथयात्रा की शोभा बढ़ाएं। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा एवं बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में श्रीजी का पालना झूलना कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

---

# खरगोन में पत्रकारों का महाकुंभ

**● 31 मार्च-1 अप्रैल को प्रांतीय अधिवेशन ● विधानसभा अध्यक्ष सहित कई सांसद-विधायक आमंत्रित ● पत्रकारों के मुद्दों पर होगा मंथन ● कलगी-तुर्रा व कवि सम्मेलन से होगा मनोरंजन ● पत्रकार सहित निमाड़ी संस्कृति को नई पहचान देने वाले पद्मश्री जगदीश जोशिला होंगे सम्मानित**

**अनोखा तीर, खरगोन।**

नगर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा 31 मार्च से 1 अप्रैल तक दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर शामिल होंगे। साथ ही सांसद गजेंद्र पटेल, ज्ञानेश्वर पाटिल सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रितों में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सचिन बिरला, राजकुमार मेव, केदार डाबर, सचिन यादव, झूमा सोलंकी, नपा अध्यक्ष छाया जोशी, पूर्व विधायक रवि जोशी, जिला कलेक्टर भव्या मित्तल, उप पुलिस महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा प्रमुख हैं।

**● पत्रकारों के मुद्दों पर होगा मंथन-** अधिवेशन के दौरान पत्रकारों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा की जाएगी। वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा मार्गदर्शन सत्र आयोजित होंगे, जिससे युवा और कार्यरत पत्रकारों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

**● तैयारियों ने पकड़ा जोर-** प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए संघ के पदाधिकारी और सदस्य पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं।



आयोजन स्थल, आवास, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले पत्रकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**● सैकड़ों पत्रकारों की सहभागिता की संभावना-** इस प्रांतीय अधिवेशन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों पत्रकार शामिल होंगे। यह आयोजन प्रदेशभर के पत्रकारों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा, जहां अनुभवों का आदान-प्रदान होगा।

**● वरिष्ठ पत्रकारों के साथ निमाड़ के गौरव का होगा सम्मान-** अधिवेशन में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ पत्रकार मनोहर मंजुल (पिपलिया), बृजेंद्र जोशी (बड़वाह) और भागीरथ नामदेव (खरगोन) शामिल हैं।

**● पद्मश्री जगदीश जोशिला को मिलेगा विशेष सम्मान-** पद्मश्री जगदीश जोशिला निमाड़ अंचल की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं। उन्होंने लोकभाषा, लोकसंस्कृति और परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्षों से अपने रचनात्मक और सामाजिक कार्यों के माध्यम से वे निमाड़ी संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनके योगदान के लिए उन्हें देश के प्रतिष्ठित सम्मान 'पद्मश्री' से नवाजा जा चुका है। जोशिला जी का सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का सम्मान है, बल्कि पूरे निमाड़ क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का गौरव भी है। प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए प्रांतीय अधिवेशन के संयोजक परसराम चौहान, स्वागत अध्यक्ष मनोज रघुवंशी, सह-संयोजक राधेश्याम पाटीदार, विजय मोरे, सचिव सदाशिव वर्मा, सदस्य मनीष मडाहर सहित आयोजन समिति के सभी साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**कलगी-तुर्रा और कवि सम्मेलन से सजेगी शाम**

बाहर से आने वाले पत्रकारों के मनोरंजन के लिए कलगी-तुर्रा और कवि सम्मेलन का विशेष आयोजन किया गया है। इस सांस्कृतिक संध्या में राष्ट्रीय प्रसिद्ध कवि शंभू सिंह मनोहर (खरगोन), अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. अनीता आनंद (मुंबई), ओजस्वी कवि राकेश यादव (बड़वानी), निमाड़ी कवि कृष्णपाल सिंह, हास्य कवि राजेश प्रजापत (शेगांव) अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे, जो आयोजन में पारंपरिक और साहित्यिक रंग भरेंगे।

---

**महावीर जयंती पर अवकाश बदला**

**31 की जगह आज छुट्टी घोषित**

## सकल जैन समाज के अनुरोध पर कलेक्टर ने लिया निर्णय

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिला प्रशासन ने महावीर जयंती के अवसर पर घोषित अवकाश में बदलाव किया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब खंडवा जिले में 31 मार्च (मंगलवार) के स्थान पर 30 मार्च (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह निर्णय मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग, वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के तहत स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। समाजसेवी एवं जैन समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि हिंदू तिथि में परिवर्तन के कारण महावीर जयंती का पर्व 30 मार्च को मनाया जा रहा है। प्रदेश के जैन समाज के अनुरोध पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश शासन द्वारा जिला कलेक्टरों को इस व्यवस्था के लिए अधिकृत किया गया था, जिसके माध्यम से प्रदेश के अधिकांश कलेक्टरों द्वारा 30 मार्च को अवकाश की घोषणा की गई है।



पोरवाल जैन समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन द्वारा कलेक्टर के नाम सकल जैन समाज की ओर से 30 मार्च को छुट्टी घोषित करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी जैन समाज की मांग को स्वीकार करते हुए कलेक्टर से 30 मार्च को अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया था। समाज की भावनाओं को देखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा 30 मार्च को अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया गया। जैन समाज ने मुख्यमंत्री के साथ ही शासन, सांसद एवं जिला कलेक्टर को इस घोषणा के लिए धन्यवाद दिया है। समाज के सुनील जैन व प्रेमांशु चौधरी जैन ने बताया कि प्रशासन ने समाज की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह परिवर्तन किया है। आदेश के तहत 30 मार्च को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थान बंद रहेंगे, जबकि 31 मार्च को पूर्ववत सभी कार्यालय खुले रहेंगे। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिसकी सूचना सभी विभागों को भेज दी गई है।

---

# झोलाछाप डॉक्टरों का कहर, इंजेक्शन बना जहर

**● 16 साल की आयुषी की संदिग्ध मौत, इलाज या लापरवाही? ● बिना लाइसेंस इलाज, जिंदगी से खिलवाड़ ● कब रुकेगा झोलाछाप का खतरनाक खेल?**

**अनोखा तीर, खरगोन।**



जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल अब जानलेवा साबित हो रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि सब कुछ प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे चल रहा है। आखिर किसके संरक्षण में बिना डिग्री के डॉक्टर खुलेआम इलाज कर रहे हैं? एक के बाद एक मौतें हो रही हैं, फिर भी जिम्मेदार अमला गहरी नींद में है।

क्या कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित है? आयुषी जैसी मासूमों की मौत के बाद भी सिस्टम नहीं जागता, तो फिर कब जागेगा? आखिर कब तक गरीब और निर्दोष मरीज यूं ही झोलाछापों के हाथों अपनी जान गंवाते रहेंगे? जिले के बिस्टान में 29 मार्च को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 16 वर्षीय आयुषी पटेल की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, आयुषी को सर्दी-खांसी और बुखार की शिकायत पर गांव के एक निजी क्लिनिक में दिखाया गया, जहां डॉक्टर ने एनएस की बोतल चढ़ाकर उसमें अज्ञात दवा इंजेक्शन से मिलाई। कुछ ही देर में आयुषी को घबराहट और उल्टी की शिकायत हुई और वह बेहोश हो गई।

आरोप है कि इसके बाद भी सही इलाज नहीं दिया गया और दोबारा अज्ञात इंजेक्शन लगाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे खरगोन ले जाया गया, जहां अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि डॉ. प्रकाशचंद्र गुप्ता ने इलाज में लापरवाही बरती, दवाइयों की जानकारी नहीं दी, मोबाइल तक इस्तेमाल नहीं करने दिया और सरकारी अस्पताल ले जाने में भी सहयोग नहीं किया, बल्कि सरकारी अस्पताल ले जाने से रोका गया।

यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गांवों में इलाज के नाम पर चल रहा यह काला खेल कब रुकेगा? आखिर कब तक गरीबों की जिंदगी यूं ही प्रयोगशाला बनती रहेगी?

---

# खरगोन में एल्डरमैन नियुक्ति पर सियासी हलचल

**● नगर पालिका में 6, अन्य परिषदों में 4-4 सदस्य मनोनीत ● राजपत्र में प्रकाशन के बाद जल्द होगा पदभार ग्रहण समारोह ● जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से हुई नियुक्तियां**

**अनोखा तीर, खरगोन।**

जिले की नगर पालिका और नगर परिषदों में एल्डरमैन नियुक्तियों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। खास बात यह है कि जहां खरगोन नगर पालिका परिषद में 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं, वहीं जिले की अन्य नगर परिषदों में 4-4 सदस्यों को मनोनीत किया गया है। सभी नियुक्तियों का राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है और जल्द ही औपचारिक समारोह में इन्हें पदभार सौंपा जाएगा।

**खरगोन नगर पालिका में 6 एल्डरमैन-** खरगोन नगर पालिका में भाजपा समर्थित 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। इनमें सुनीता गांगले, पवन सेन, दीपक कराले, पुरुषोत्तम कुमावत, अनिल गुप्ता और युवराज व्यास शामिल हैं। इन नामों की अनुशंसा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी ने की थी।

**कसरावद में 4 सदस्यों को मौका-** कसरावद नगर परिषद में शंकर कुशवाह (वार्ड 12), मंगला शरदचंद्र सराफ (वार्ड 11), जितेंद्र पाटीदार (वार्ड 13) और बिहारी यादव (वार्ड 13) को एल्डरमैन बनाया गया है।

**भीकनगांव में जिलाध्यक्ष की चली-** भीकनगांव नगर परिषद में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे की अनुशंसा पर कपिल शर्मा (वार्ड 13), ज्योति भावसार (वार्ड 10), मंजू शुक्ला (वार्ड 14) और खेमचंद शर्मा (वार्ड 4) को मनोनीत किया गया है।

**महेश्वर में विधायक की अनुशंसा-** महेश्वर नगर परिषद में विधायक राजकुमार मेव की अनुशंसा पर योगेश गेहलोत (वार्ड 7), सिंधु जोशी (वार्ड 3), जितेंद्र सावले (वार्ड 15), जितेंद्र साकले और महेश चंदेरीवाल को एल्डरमैन बनाया गया है।

**बिस्टान में सांसद की भूमिका-** बिस्टान नगर परिषद में सांसद गजेंद्र सिंह पटेल की अनुशंसा पर आनंदराम यादव (वार्ड 14), सुगनकौर जाधव (वार्ड 5), जयंतीलाल जायसवाल और लक्ष्मीनारायण सूर्यकर (वार्ड 8) को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है।

**मंडलेश्वर में भी नियुक्तियां पूरी**

मंडलेश्वर नगर परिषद में पवन अग्रवाल, मंजुला संतोष मेवाड़े, गणेश पाटीदार (वार्ड 10) और अनिरुद्ध हलवे (वार्ड 2) को एल्डरमैन बनाया गया है।

---

**'मन की बात' सुनकर जनजागरूकता और प्रेरणा का संदेश**



**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को जिले में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक और महापौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तथा जल संरक्षण जैसे विषयों पर जोर देते हुए देशवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। साथ ही वैज्ञानिकों और युवाओं की उपलब्धियों का उल्लेख कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से देश की छिपी प्रतिभाएं सामने आ रही हैं और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंच रहा है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरक कहानियों के जरिए लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रसारण सुना। इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्री के इस संवाद कार्यक्रम को जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की और नियमित रूप से सुनने की अपील की।

# नर्मदा तट पर शुरू हुआ जीर्णोद्धार

## 500 साल पुराने गुंजारी घाट मंदिर का होगा कायाकल्प, मंत्री प्रहलाद पटेल की पहल रंग लाई

अनोखा तीर, बुदनी।

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के अथक प्रयासों से बुदनी क्षेत्र के ग्राम जर्रापुर स्थित नर्मदा तट पर बने प्राचीन गुंजारी घाट एवं मंदिर के कायाकल्प का कार्य शुरू हो गया है। वर्षों से उपेक्षित इस ऐतिहासिक स्थल को अब जनसहयोग से संवारा जा रहा है, जिससे यह पवित्र स्थान जल्द ही अपनी पुरानी गरिमा के साथ श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मंदिर परिसर और घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से प्रारंभ हो चुका है। इससे न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा।

### मंत्री के दौरे के बाद शुरू हुआ काम

जानकारी के अनुसार, हाल ही में मंत्री प्रहलाद पटेल के बुदनी दौरे के दौरान उन्हें गुंजारी घाट और मंदिर की जर्जर स्थिति की जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और विकास का संकल्प लिया। रविवार को बुदनी पहुंचे मंत्री पटेल ने निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया और मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।



### मुगलकालीन 500 वर्ष पुराना मंदिर

गुंजारी आश्रम के महंत केशव दास महाराज के अनुसार, नर्मदा तट पर स्थित यह प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है। इसका निर्माण मुगलकाल में हुआ था। लंबे समय तक उपेक्षा के कारण यह मंदिर और घाट गुमनामी में चले गए थे, लेकिन अब पुनरुद्धार कार्य शुरू होने से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

## सार-समाचार

### गौरव दिवस तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



अनोखा तीर, माखननगर। आगामी 4अप्रैल को आयोजित होने वाले गौरव दिवस आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थित नगर परिषद सभागृह में आयोजित बैठक में सर्व प्रथम नवनियुक्त एल्डरमैनो को सम्मानित किया गया। साथ ही आगामी आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा कर उचित निर्देश दिए गए। बैठक में नायब तहसीलदार अंकित मौर्य, थाना प्रभारी अनूप कुमार यूईके , सीएमओ जीएस राजपूत सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नगर परिषद में एल्डर मैन नियुक्त

अनोखा तीर, माखन नगर। नगर के वार्ड 4 के राजेश टावरी एवं सत्यनारायण पुरोहित को नगर परिषद में एल्डरमैन के पद पर नियुक्त किया



गया। नगर के वार्ड से एक साथ दो नियुक्ति पर विधायक विजयपाल सिंह एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।

### अवैध शराब ब्रिकी के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही

अनोखा तीर, इटारसी। स्थानीय सिटी पुलिस द्वारा लगातार शहर में अवैध शराब की ब्रिकी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। रविवार को सिटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गरीबी लाइन क्षेत्र में दबिश दी। जहां पुलिस ने बड़ी मात्रा अंग्रेजी एवं देशी शराब की बोतलों के साथ एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि इस सबंध में टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की धरपकड़ के लिए थाने से एसआई प्रवीण यादव, प्रधान आरक्षक उपेन्द्र दुबे, आरक्षक महेंद्र गुर्जर एवं आरक्षक अंकित गौर को मौके पर भेजा। जहां गरीबी लाइन क्षेत्र मजार के पास 18 बंगला स्थित एक खंडर में अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब के क्वाटर एवं बोतले बंद पेटियों में मिली थीं। इस दौरान आरोपी कुणाल सोनकर निवासी गरीबी लाइन जो पुलिस को देख मौके से भाग खड़ा हुआ। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है, जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।



### ब्राह्मण महिला मंडल ने बस स्टैंड पर रखवाए मटके

अनोखा तीर, इटारसी। श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन द्वारा रविवार को बस स्टैंड के पास खेड़ापति माता मंदिर में रहगीगिरों के लिए शीतल जल के मटके रखवाएं गए। महिला मंडल ने



बताया कि स्वास्थ्य के लिए मटके का ठंडा पानी अमृत के समान माना जाता है, जो प्राकृतिक रूप से सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी है। जिसमें महिला मंडल की संरक्षण भारती मालवीय, ममता मालवीय, अध्यक्ष अर्चना राजेश मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, सीमा विश्वकर्मा, सचिव किरण मालवीय, कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, बरिष्ठ सलाहकर अर्चना मालवीय, निर्मला मालवीय, त्रिवेणी मालवीय, राजाबाई मालवीया, संगठन मंत्री अनुसुइया मालवीय, संगीता मालवीय, हेमा मालविया उषा मालवीया नीलम मालवीया का सहयोग रहा। वहीं इस मौके पर वरिष्ठ मंडल के संरक्षक प्रेम नारायण मालवीय एवं उपाध्यक्ष अशोक मालवीय भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने श्रमदान कर बनाया सोखता गढ्ढा

अनोखा तीर, खंडवा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास



पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने खालवा में श्रमदान कर सोखता गड्ढे का निर्माण किया। उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हैंडपंप के पास विद्यार्थियों ने न केवल सोखता गड्ढा बनाया, बल्कि उसका रंग-रोगन भी किया। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वर्षा जल के समुचित उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक ललित पवार, परामर्शदाता तीरथ सिंह देवड़ा, मोहन मालवीय, नेपाल सिंह पवार एवं मोहन रोकड़े उपस्थित रहे।

### 17 केंद्रों पर होगा चना उपार्जन, आज से शुरू

**अनोखा तीर, खंडवा।** शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिला उपार्जन समिति के निर्णय के अनुसार जिले में चना उपार्जन के लिए कुल 17 केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इनमें सेंट्रल वेयरहाउस खंडवा, वर्मा वेयरहाउस कोरगला, ममता वेयरहाउस ग्राम बावड़िया काजी, श्रीराम वेयरहाउस अमलपुरा, पूर्णिमा वेयरहाउस पिपलोदखास, श्री बालाजी वेयरहाउस केहलारी, जय भोले वेयरहाउस गुडीखेड़ा, यशवंत वेयरहाउस दोंदवाड़ा, सृष्टि वेयरहाउस पंधाना, मंजू पटेल वेयरहाउस ग्राम गोंडखेड़ा, अक्षिता एग्रो वेयरहाउस पुनासा, सीड्स एंड ग्रेन्स वेयरहाउस करोली, दिव्य शक्ति वेयरहाउस जोगीबेड़ा, बिरदीचंद गुप्ता वेयरहाउस खेड़ी, पटेल वेयरहाउस नया हरसूद, महादेव वेयरहाउस खेरखेड़ा हरसूद तथा सिद्दी वेयरहाउस गंभीर शामिल हैं। चना उपार्जन का कार्य 30 मार्च से 28 मई तक किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों पर 30 मार्च से पहले गुणवत्ता सर्वेयर की नियुक्ति संबंधित एजेंसी द्वारा अनिवार्य रूप से की जाए और उन्हें मार्कफेड द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। उपार्जन केंद्रों पर केवल गुणवत्तापूर्ण चना ही खरीदा जाए। यदि नॉन एफएक्यू चना आता है तो उसे अलग से दर्ज कर किसानों को समझाइश देकर अपग्रेडेशन कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर छन्ना, पंखा, क्लीनिंग-ग्रेडिंग मशीन, मॉइश्चर मीटर और टेस्टिंग किट उपलब्ध रहें। उपार्जित चने की तौल के लिए पर्याप्त तौल कांटे रखे जाएं तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। तौल कांटों का सत्यापन नापतौल विभाग से कराया जाना अनिवार्य होगा।

## नया शिक्षा सत्र : एक अप्रैल को मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

### -हमारी शाला-हमारी जिम्मेदारी अंतर्गत शिक्षकों ने की साफ-सफाई

अनोखा तीर, सिवनी मालवा।

नया शिक्षा सत्र 2026- 27 का आगाज एक अप्रैल से होगा। स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा और नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक बंदन का स्वागत किया जाएगा। इसी दिन छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। वहीं विगत एकेडमिक वर्ष में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा। तथा संस्था में पूर्णताः अनुशासित छात्र-छात्राओं को भी संस्था स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कक्षा नौवीं में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक ब्रिज कोर्स के अंतर्गत बेसलाइन टेस्ट लिए जाएगा। संस्था स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कक्षा 9वी एवं 11वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की अंकसूची का वितरण किया जाएगा। शासकीय उमा विद्यालय सोमलवाड़ा के प्राचार्य राममोहन रघुवंशी ने बताया कि संस्था स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संस्था के सभी शिक्षकों ने हमारी शाला हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत संस्था परिसर शौचालय की साफ सफाई की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने भी सहयोग किया। एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा निःशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। कैचमेंट की शालाओं से कक्षा आठवीं एवं 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संबंधित प्रधान पाठकों द्वारा प्रमोट कर दिया गया है।



## नरवाई जलाने की शिकायत पर प्रशासन की मुस्तैदी

### मौके पर पहुंचकर किसानों को दी समझाइश

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम/ सिवनी मालवा।** बैराखेड़ी एवं सांवलखेड़ा में किसानों द्वारा नरवाई जलाए जाने की शिकायत को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि रविकांत सिंह, सहायक संचालक कृषि राजीव यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री जयश्री देशमुख एवं कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री नेहा नागोले ने गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने किसानों को स्पष्ट रूप से नरवाई नहीं जलाने की समझाइश देते हुए बताया कि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है तथा गौशालाओं के लिए आवश्यक भूसा भी नष्ट हो जाता है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नंदनी गौशाला की टीम के साथ भी चर्चा की गई। आसपास के उन किसानों से संवाद कर उन्हें समझाया गया, जो गौशाला के लिए भूसा बनाने में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अधिकारियों के समझाइश के बाद किसानों ने गौशाला के लिए भूसा निर्माण में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।



## नगर में अधिक कीमत पर बिक रहे तंबाकू उत्पाद

### दामों की अनियमितता से फुटकर व्यापारी परेशान

अनोखा तीर, सोहागपुर।

नगर में इन दिनों तंबाकू उत्पादों की कीमतों में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। सिगरेट, गुटखा, पान मसाला सहित अन्य नशे से जुड़े उत्पाद अंकित मूल्य से अधिक दाम पर बेचे जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कई ब्रांड की सिगरेट के पैकेट पर 20 रुपए से लेकर 60 रुपए तक अधिक वसूले जा रहे हैं। वहीं राजश्री और विमल सिग्नेचर जैसे पान मसाले भी निर्धारित मूल्य से ज्यादा कीमत पर बेचे जा रहे हैं। आरोप है कि थोक व्यापारी मनमाने दाम तय कर बाजार में सप्लाई कर रहे हैं। फरवरी के पहले सप्ताह से ही तंबाकू उत्पादों की कीमतों में यह अनियमितता बनी हुई है, जिससे छोटे फुटकर व्यापारी असमंजस की स्थिति में हैं। उनका कहना है कि उन्हें महंगे दाम पर माल मिल रहा है, जिससे वे भी मजबूरी में ऊंचे दाम पर बिक्री कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ बड़े थोक व्यापारियों द्वारा कालाबाजारी कर बाजार में कृत्रिम कमी (शॉर्टेज) पैदा की जा रही है, जिससे मांग बढ़ने के साथ कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है। फुटकर व्यापारियों ने मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा ऐसे व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर ही उत्पाद उपलब्ध हो सकें।



### संकल्प से समाधान अभियान का जिला स्तरीय शिविर आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 30 मार्च को स्थानीय गौरीकुंज सभागृह में किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पूर्व में क्लस्टर स्तर तथा सभी विकासखंड मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अब जिला स्तर पर यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शिविर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण करें और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

## नगर पालिका में 5 एल्डरमैन नियुक्त, परिषद बैठकों में देंगे अहम सुझाव

अनोखा तीर, इटारसी।

स्थानीय नगर पालिका परिषद के लिए राज्य सरकार ने पांच एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) नियुक्त किए हैं। इन नियुक्तियों के बाद शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और अलग-अलग स्तर पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जारी सूची के मुताबिक नरेश मेधानी वार्ड 30 सिंधी कॉलोनी, आशीष मालवीय वार्ड 20 मालवीयगंज और संजीव हुरा वार्ड 22 पंजाबी मोहल्ला को एल्डरमैन बनाया गया है। इसके अलावा रेखा मालवीय और मयंक मेहतो वार्ड 04 पुरानी इटारसी को भी एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। इन एल्डरमैन को नगर पालिका परिषद की बैठकों में शामिल होने का अधिकार होगा। वे शहर के विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव दे सकेंगे और प्रशासनिक निर्णयों में मार्गदर्शन की भूमिका निभाएंगे। इन नियुक्तियों के बाद स्थानीय राजनीति पर इसके असर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इन एल्डरमैन की भूमिका नगर विकास और राजनीतिक समीकरणों दोनों में महत्वपूर्ण हो सकती है।

## जिला स्तरीय शिविर में स्वास्थ्य शिविर भी आज

अनोखा तीर, खंडवा।

संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय शिविर में 30 मार्च को स्थानीय गौरीकुंज सभागृह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। अभियान के तहत पूर्व में क्लस्टर एवं विकासखंड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

अब जिला स्तर पर आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाओं के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के लिए डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इसमें डॉ. संजय वास्कले, डॉ. रूपाली तिवारी, डॉ. इकराम अंसारी, अजय गोयल (फार्मासिस्ट), मो. अशफाक खान (लेब टेक्नीशियन), कुसुम मिश्रा, अनिशा शेख, गुलबी चौहान (एएनएम) एवं संतोष पंचौले (सपोर्ट स्टाफ) की ड्यूटी दोपहर 1:30 बजे से लगाई गई है।

## मधुकर सेवा बस्ती में संस्कार केंद्र का शुभारंभ

अनोखा तीर, इटारसी।

सेवा भारती जिला नर्मदापुरम द्वारा नगर की मधुकर सेवावस्ती में संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सेवा भारती जिलाध्यक्ष सतीश सावरिया, सेवा भारती विभाग समन्वयक शिवप्रताप सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, संस्कार केंद्र पालक श्रीमती मनीषा राजपूत के द्वारा दीप प्रज्वलित कर संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सतीश सांवरिया ने संस्कार केंद्र की शिक्षिका एवं संस्कार केंद्र के बच्चों को सेवा भारती के कार्यों की जानकारी दी। नर्मदापुरम जिले में चलने वाले सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से समझाया एवं संस्कार केंद्र के माध्यम से बस्ती में होने वाले परिवर्तन के बारे में बताया गया।



## सार-समाचार

### भारतीय संस्कृति, लोक कला पर आधारित गणगौर का आयोजन

**अनोखा तीर, खातेगांव।** सह शैक्षिक गतिविधियों में ओजस यूथ क्लब गतिविधि के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सवासड़ा विद्यालय परिसर में भारतीय संस्कृति एवं लोक कला पर आधारित कार्यक्रम गणगौर नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वर्तमान एवं पूर्व छात्रों ने एक से बढ़कर एक मन मौहक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय में यह कार्यक्रम हमारी



भावी पीढ़ी को हमारी भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का ज्ञान एवं समझ पैदा हो इसलिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी गणेश राम कोगे सरपंच ग्राम पंचायत सवासड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज उपाध्याय ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथी के रूप में भंवर सिंह पटेल उप सरपंच ग्राम पंचायत सवासड़ा, राजेन्द्र हथेल संकुल प्रभारी, प्रताप सिंह यादव एवं छोगालाल विश्नोई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संतोष जाट ने दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक महेश चंद्र भास्कर ने किया एवं आभार विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सुधा यादव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों अशोक कुमार शाक्य, रमेश कुमार सूर्यवंशी, जितेंद्र मालवीय एवं शिक्षिका कंचन मीणा का विशेष सहयोग रहा। ग्राम से पधारे सभी गण मान्य जन एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित की।

### जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न

**अनोखा तीर, खातेगांव।** देवास जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की साधारण सभा में विधायक आशीष शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। एसोसिएशन की टीम में उपाध्यक्ष दैनिक जागरण ब्यरो चीफ अनिल सिकरवार, हेमेंद्र निगम, सचिव अनवर खान, कोषाध्यक विशाल शर्मा,



सयुक्त सचिव संदीप जाधव, निशा मालवीय, कार्यकारणी में मेहसर अली, सुनिल मालवीय, नफीस खान, अश्विनी जाधव, शुभम यादव एवं आयुष गगुरड़े निर्वाचित किए, अध्यक्ष आशीष शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिले के वॉलीबॉल का विकास एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। योग्य खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा जिले में खिलाड़ियों की कमी नहीं है सिर्फ सही समय पर खिलाड़ियों को सही मंच और अवसर प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य रहेगा। जिले का निर्वाचन मप्र वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष सतीश जोशी द्वारा संपन्न कराया गया

### एमपी महिला हॉकी टीम बनी चैंपियन

**अनोखा तीर, बैतूल।** हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर अस्मिता हॉकी लीग में मप्र महिला टीम के चैंपियन बनने पर बैतूल में खुशी का माहौल है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में खेले गए फाइनल में एमपी ने महाराष्ट्र को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में एमपी की ओर से काजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 गोल मारे, जबकि टीम की सानिया सैयद ने एक गोल किया। इस जीत के साथ एमपी टीम को 1 लाख 80




हजार रुपए का कैश प्राइज मिला। महाराष्ट्र को 1 लाख 44 हजार रुपए से संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए एमपी टीम शीर्ष स्थान पर रही। इससे पहले सब जूनियर लीग में भी एमपी की टीम ने खिताब जीता था। इस उपलब्धि पर बैतूल के खेल प्रेमियों और हॉकी से जुड़े पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। पूर्व खिलाड़ी प्रदीप खंडेलवाल, हॉकी संघ बैतूल के अध्यक्ष अक्षय वर्मा, सचिव जगेन्द्र सिंह तोमर, देवेंद्र पाटिल, मुकेश वर्मा सहित अन्य खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों ने टीम के उज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के लिए बैतूल जिले के पांच खिलाड़ियों का मप्र हॉकी टीम में चयन हुआ था, जो जिले के लिए गर्व की बात है। जनजातीय क्षेत्र से आने वाले इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच बनाई है।

### गांव के बच्चों ने किया कमाल, बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धि की हासिल

**अनोखा तीर, देवास।** बढ़ियामांडू स्थित एसजीएम एकेडमी के छात्रों ने इस वर्ष 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। स्कूल के पांच होनहार बच्चों ने टॉप कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे स्कूल और गांव का नाम रोशन किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि में परी बघेल (पिता-अविनाश बघेल) ने 90.25 प्रतिशत अंक प्राप्त



कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नित्या पाटीदार (पिता राजेश पाटीदार) ने 84.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और प्रिंस प्रजापति (पिता राजेश प्रजापति) ने 80.25 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। छात्रों की इस शानदार सफलता पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर समाज सेवक नीलेश जायसवाल ने बच्चों का फूल-मालाओं और मिठाई से भव्य स्वागत किया। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, उन्होंने स्कूल के प्राचार्य और सभी शिक्षकों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से ही बच्चे इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

# 2 आरोपियों से 207 लीटर अवैध शराब जब्त

## कार सहित 5.99 लाख का माल पकड़ा

**अनोखा तीर, सतवास।**

पुलिस थाना सतवास ने अवैध शराब परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 207 लीटर शराब व एक कार जब्त की है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पुनित गहलोद के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोम्या जैन व एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में की गई। शनिवार को बाबा महाकाल रेस्ट प्वाइंट, काटाफोड़ रोड़ पर मुखबिर सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान स्लेटी रंग की मारुति ईको को घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी में वाहन से 19 पेटी देशी प्लेन शराब (950 क्वार्टर, 171 लीटर) व 3 पेटी अंग्रेजी बीयर (72 केन, 36 लीटर) बरामद हुई। कुल शराब 207 लीटर की कीमत 99 हजार 180 रुपए आंकी गई, जबकि कार की कीमत 5 लाख रुपए है। इस तरह कुल 5 लाख 99 हजार 180 रुपए का मशरूका जब्त किया गया। कार में सवार शिवासिंह (27) निवासी सतवास व फरदीन




शेख (23) निवासी मोहाई जागीर को गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास शराब परिवहन का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट सहित विजय जाट, सरदार मंडलोई, नरेंद्र सिंह ठाकुर, विष्णुप्रसाद मंडलोई, गणेश रावत, गंगाराम नरगावे, ईश्वर विश्नोई, संदीप सिंह मेवाड़ा, अनिल भाभर, जयदेव, शुभम व घनश्याम परमार की सराहनीय भूमिका रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में माचना घाट पर चला सफाई अभियान

**अनोखा तीर, बैतूल।** मप्र शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 29 मार्च को सुबह फिल्टर प्लांट माचना घाट पर वृहद स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांड़े ने अभियान का संचालन किया। उपाध्यक्ष महेश राठौर ने भी मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य में हिस्सा लिया। इस दौरान आनंद प्रजापति पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद, रघुनाथ लोखंडे सभापति, अंजुरानी शर्मा पार्षद, ममता मालवी महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं पार्षद, अतीत पवार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री भाजपा, मुकेश झारे अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री भाजपा भी अभियान में शामिल हुए और श्रमदान किया। नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी पूरे समय सफाई अभियान में जुटे रहे। इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान कर अभियान में भागीदारी की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांड़े ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह वृहद सफाई अभियान चलाया गया, ताकि लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।



## पारिवारिक मामले को राजनैतिक तूल दे रही कांग्रेस : भास्कर मगरदे

**अनोखा तीर, बैतूल।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जित्तू पटवारी, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे और कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के आरोपो को झूठा बताते हुए कहा कि विकासखंड प्रभातपटटन के ग्राम खेड़ीरामोसी में गत दिनो मेरे परिजनो द्वारा खरीदी गई जमीन के सीमांकन के दौरान हुए हमले की कहानी अपने मन से सूना रही है। कांग्रेस इस मामले को राजनैतिक तूल देकर सिर्फ सामाजिक मतभेद पैदा करने का काम कर रही है। मेरी माताजी ने जो जमीन खरीदी तब विक्रेता गैर आदिवासी था, जमीन खरीदी के बाद सीमांकन एक सामान्य प्रक्रिया है जिसका आवेदन किया गया था। प्रशासन ने सीमांकन के दौरान विवाद की आशंका को देखते हुए पुलिस को सूचना दी थी। सीमांकन के दौरान तकरीबन दो दर्जन लोगो ने अचानक हमला कर दिया जिससे मै गंभीर रूप से घायल होने के कारण पुलिस के समक्ष एफआईआर भी दर्ज नही करा पाया हूं। अभी वर्तमान में भोपाल के अस्पताल में आप्रेशन के बाद उपचाररत हूं। वहीं कांग्रेस के नेता भाजपा का नाम पूरे मामले में जोड़कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का काम कर रहे है। पूरा मामला मेरे परिवार से जुड़ा हुआ है तथा व्यक्तिगत है इसमें पार्टी का कोई लेना देना नही है। जिस तरह से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की भाषा पूरे मामले में सुनाई दी है वह आपत्ति जनक है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उलजुलूल बयान देकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश कर रहे है। पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सिर्फ वोट की राजनीति के चलते एक व्यक्तिगत मामले में जबरन की राजनीति करते हुए झूठ बोल रहे है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निलय डागा को तो पूरे मामले की जानकारी भी नही है। हम जमीन का सीमांकन कराने गए थे वहां पुलिस पर हमला हुआ हम पर हमला हुआ पुलिस के द्वारा मामला पंजीबद्ध किया गया है। उस मामले मे आवेदक भी मै नही हूं। मै चाहता हूं कि जो जमीन मेरे परिजनो द्वारा खरीदी गई है उसका सामान्य सीमांकन हो जाए इसमें किसी तरह के कब्जे जैसी कोई चींज नही है। कांग्रेसी भोले भाले आदिवासीयों को गुमराह करके मामले को जातिगत तूल दे रहे है, जबकि आदिवासियों से मेरा व्यक्तिगत कभी कोई भी विवाद नही रहा है और न ही मैं आदिवासियों से लड़ाई झगड़ा करने गया था।



### नागझीरी से निकली भव्य शोभायात्रा

# श्रद्धालुओं ने की संत नागा दादा की झांकी के दर्शन

**अनोखा तीर, भैंसदेही।**

पूर्णा नगरी भैंसदेही स्थित चमत्कारिक संत श्रीश्री 1008 त्रिवेणी भारती नागा दादा संस्थान से तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। संत नागा दादा की पुण्यतिथि पर प्रथम दिवस संस्थान से निकाली गई विशाल शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए और संत श्री के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। नागझीरी संस्थान से आकर्षक सज्जा के साथ संत श्री नागा दादा की सुंदर झांकी निकाली गई। सुंदर सजे घोड़े शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण बने रहे। झांकी नगर के प्रमुख मार्गो- प्राचीन शिवालय, मरही माता चौक, करार मोहल्ला, मस्जिद चौक, मंगलवारी मोहल्ला, सुधार मोहल्ला से होकर धर्माल मोहल्ला चौक पहुंची। देर रात संस्थान लौटने पर संत नागा दादा का पूजन कर वार्षिक उत्सव के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में उमड़ी भक्तों की भीड़ ने संत श्री की झांकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। ढ़ोल-ताशे की थिरकती धुनों पर दादा नाम संकीर्तन गाते युवा झूमते नजर आए। सभी ने नागा दादा के जयकारे लगाए, जिससे वातावरण भक्ति रस से परिपूर्ण हो गया। हजारों श्रद्धालुओं ने फूल, चंदन और दीप अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की संस्था के अध्यक्ष कृष्णा झाड़े सहित राजू जोशी, प्रकाश घानेकर, धनराज धाकड़, संजू मोहने, सदानंद सराफ, भाऊराव भाऊ,



गोदंयाभाऊ, हेमंत सावरकर, वीरेंद्र मालवीय, रामापानकर, दीपक शुक्ला, उग्रसेन नरवरे, गुड्डू मालवीय और नागा दादा के चरण सेवक मनोहर राजूरकर ने शोभायात्रा की पूरी व्यवस्था संभाली। इनकी मेहनत से कार्यक्रम बिना किसी विघ्न के सफल रहा।

# ग्राम भारती महिला मंड़ल को जल योद्धा सम्मान से किया सम्मानित

**अनोखा तीर, सारनी।** नपा क्षेत्र के वार्ड 33 में संचालित ग्राम भारती महिला मंड़ल को जल संरक्षण के क्षेत्र में जल योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया है। महिला मंड़ल द्वारा लंबे समय से गांव-गांव जाकर जल संरक्षण और इसे सहेजने की अलख जगा रही हैं। जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयोजित सत्र छठा संस्करण जल योद्धा 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन बेंगलुरु स्थित विशालाक्षी मंड़प में किया गया। इस राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देश-विदेश के जल विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं एवं नवाचारकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य गुरुजी रविशंकर द्वारा की गई। उद्घाटन सत्र दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें जल संकट, समाधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी, वित्त, जल शासन-कूटनीति, वैश्विक पद्धतियां, जलवायु अनुकूलन एवं जल एजेंड़ा 2047 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंकिता मेनन द्वारा प्रभावशाली रुप से किया गया। जबकि उद्घाटन भाषण के सीईओ एवं प्रधान संपादक अमैया सथाये ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डब्लूसीएल के सीएमडी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया, वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रबंधन की भूमिका को रेखांकित किया। इस वर्ष के आयोजन में देशभर से 35 जल योद्धाओं की सहभागिता रही, जिन्हें जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम भारती महिला मंडल की संस्था अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए जल योद्धा सम्मान 2025 से



सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में श्रीमती भारती अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष 2021 से मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित, भोपाल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बैतूल के सहयोग से जल जीवन मिशन हर घर नल, हर घर जल अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत बैतूल, खंड़वा, खरगोन, शिवपुरी एवं उज्जैन जिलों के 1314 से अधिक ग्रामों में कार्य करते हुए घर-घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही अन्य ग्रामों में भी इस प्रकार के कार्यों का सफल क्रियान्वयन जारी है। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी जल संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अपने प्रयास निरंतर जारी रखेगी। उक्त कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें प्रमुख रूप से प्रसन्ना प्रभु अध्यक्ष ग्रामीण विकास कार्यक्रम ट्रस्ट एवं कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ट्रस्ट, नितिन खाड़े आईएएस संयुक्त सचिव, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, डॉ. नितिन वाघमोड़े आयकर आयुक्त पुणे डॉ. हेमंत शरद पांडे मानव संसाधन निदेशक एवं नामित सीएमडी सचिन कुमार वैश्य आईएएस मुख्य कार्यकारी अधिकारी, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, हिमांशु नागपाल आईएएस नगर आयुक्त वाराणसी नगर निगम, गिरिराज गोयल पूर्व निदेशक जल शक्ति मंत्रालय एवं निर्णायक मंडल सदस्य, प्रोफेसर आशीष पांडे आईआईटी रुड़की, सुजाता नरसिम्हन सीईओ व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन (भारत) सुश्री उमा शशिकुमार रीजनल हेड (साउथ) एसोचैम डॉ. एके गुप्ता वरिष्ठ होम्योपैथिक सलाहकार एवं गोल्ड मेडलिस्ट उक्त कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित जल संरक्षण कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# हनुमान ड़ोल में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर होगा विशाल भंडारा

**अनोखा तीर, बैतूल।** हनुमान ड़ोल में घने वनों के बीच स्थित चमत्कारी हनुमान मंदिर में पूरे श्रद्धा भाव के साथ 2 अप्रैल गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन के उपरांत विशाल भंड़ारा होगा। इस मौके पर कमानी गेट से हनुमान ड़ोल तक श्रद्धालुओं को लाने एवं वापस ले जाने के लिए निःशुल्क बस चलेगी। हनुमान ड़ोल मंदिर समिति के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अप्रैल गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह हवन-पूजन प्रारंभ होगा। पूर्णाहुति एवं आरती के पश्चात ध्वजा चढ़ाई जाएगी। प्रातः10 बजे से विशाल भंड़ारा प्रसादी का वितरण शुरू होगा जो शाम तक चलेगा। समिति सचिव अमरीश शर्मा ने बताया कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी एवं समिति सदस्य मुकेश खंड़ेलवाल की ओर से प्रातः 11 बजे से शाम तक कमानी गेट से हनुमान ड़ोल तक श्रद्धालुओं को लाने ले जाने के लिए निःशुल्क बस उपलब्ध रहेगी। समिति सदस्य मनोज कोकास ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मंदिर प्रांगण में आंवला, कहूं, जामुन आदि का पौधा रोपण भी किया जाएगा।



## बेरोजगार प्रकोष्ठ में अनुराग ठाकुर बने जिलाध्यक्ष

**अनोखा तीर, देवास।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से बेरोजगार प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुश्री नेहा पालीवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, देवास शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम देवास ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी द्वारा प्रस्तुत प्रदेश पदाधिकारियों और जिलों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। अनुमोदन उपरांत बेरोजगार प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव एवं विभिन्न जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में ग्रामीण देवास जिला अध्यक्ष पद पर अनुराग ठाकुर को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां संगठन को मजबूत करने एवं युवाओं की आवाज को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं। देवास कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता अनुराग ठाकुर बिलावली को देवास ग्रामीण जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेसजनो व इष्टमित्रों ने बधाई दी है।



## 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

राज्य शिक्षा केंद्र मप्र द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे अरिहंत कॉन्वेंट हायर सेकेंड्री स्कूल खातेगांव का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहते हुए कक्षा 8वी के छात्र चेतन पिता कमल जायसवाल ने 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए नगर खातेगांव मे श्रेष्ठ स्थान एवं विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया, आलिया पिता शहीद खान ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, दर्शन पिता उमेश विश्नोई 90.83 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 5वी के छात्र मितांश पिता प्रेमनारायण वर्मा ने 86.75 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुलदीप पिता बलराम मंडलोई ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, महक पिता राकेश कर्मा 85.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 8वीं मे 66 विद्यार्थी परीक्षा मे सम्मिलित हुए जिसमे 50 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी के साथ ए+ ग्रेड प्राप्त की, शेष सभी विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। कक्षा 5वीं मे 83 विद्यार्थी परीक्षा मे सम्मिलित हुए जिसमे 45 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी के साथ ए+ ग्रेड प्राप्त की, शेष में से 30 विद्यार्थियो ने द्वितीय श्रेणी और 8 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम विद्यार्थियो एवं शिक्षको की मेहनत को प्रदर्शित करता है। विद्यार्थियो की सफलता पर विद्यालय के संचालक प्रकाशचंद्र जैन, प्राचार्य सुदीप कुमार जैन एवं अरिहंत कांवेंट स्कूल परिवार के सभी सदस्यो ने सफल हुए सभी छात्र/छात्राओ को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय लगातार बोर्ड परीक्षाओ मे नगर खातेगांव को श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देता रहा है और आगे भी इसी क्रम को जारी रखने मे अग्रणी रहेगा। यह जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय सोनी द्वारा दी गई।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल, म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### नगर पालिका और नगर परिषद में एल्डरमैन नियुक्त

**अनोखा तीर, हरदा।** मोहन सरकार ने प्रदेश की नगरपालिका और नगर परिषदों में एल्डरमैन की सूची जारी की है। लंबे इंतजार के बाद रविवार को नगरीय निकायों में एल्डरमैन के नामों की घोषणा की गई। हरदा जिले की तीनों नगर परिषदों में कुल 12 एल्डरमैन मनोनीत किए गए हैं। वहीं हरदा नगरपालिका में ६ एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। ये नियुक्तियां मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 19 (1) (ग) के तहत की गई हैं।



नवनियुक्त एल्डरमैनों का कार्यकाल वर्तमान परिषद के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा, या आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। हरदा नगर पालिका में नवीन पिता तोलाराम असरानी, वार्ड क्र. 18 हरदा, गजानंद पिता स्व. गयाप्रसाद डाले, वार्ड क्र. 16, मनसुख लोहाना पिता स्व. तुलसीदास लोहाना, वार्ड क्र32, चंद्रशेखर पिता नाथूराम रघुवंशी वार्ड क्र. 35, नरेन्द्र पिता स्व. फत्तूलाल सैनी, वार्ड क्र. 31 एवं एड. प्रियंका पिता गणेश नारायण दुबे, वार्ड क्र. 8 की नियुक्ति की गई है। वहीं नगर परिषद खिरकिया में हर्षिता राजपूत, अमित तिवारी, बबलू पंवार और विष्णु मोरी को एल्डरमैन बनाया गया है। नगर परिषद टिमरनी में नन्हेलाल कौशल, अरुण तिवारी, मनमोहन सिंहल और महेन्द्र बाबा पटेल मनोनीत हुए हैं। नगर परिषद सिराली में पदम पटेल, मुन्नालाल कुशवाह, अशोक सांगुले और कन्हैयालाल मालवीय को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। एल्डरमैन नगर निकायों (नगर निगम, पालिका, परिषद) में सरकार द्वारा मनोनीत अनुभवी या विशिष्ट नागरिक होते हैं। इनका मुख्य कार्य स्थानीय प्रशासन, विकास कार्यों और नीतियों के निर्माण में पार्षदों को तकनीकी सलाह और परामर्श देना है। ये नगरीय निकायों की बैठकों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

### दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट

**अनोखा तीर, हरदा।** नारायण टॉकीज के समीप नीरज फर्नीचर एवं इलेक्ट्रानिक्स की दुकान पर शनिवार शाम को कूलर खराबी को लेकर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ दुकान में घुसकर व्यापारी एवं उसके पिता के साथ मारपीट एवं अड़ीबाजी की घटना को अंजाम दिया। व्यापारी ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के साथ आरोपी एवं अन्य साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि पुलिस द्वारा की गई



एफआईआर से व्यापारी संतुष्ट नहीं है, इसलिए आज व्यापारी एवं व्यापारी संघ द्वारा इस मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिलकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। व्यापारी योगेंद्र खेरवानी एवं व्यापारी संघ द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को दिए ज्ञापन में बताया कि २८ मार्च को राशिद खान ने उनके एवं उनके पिता के साथ मारपीट की और पैसों की मांग करने लगे, जिसके कारण उसके पिता को शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस मामले की जब पुलिस को शिकायत की तो पुलिस ने हमारी बातों पर ध्यान न देते हुए सही शिकायत दर्ज नहीं की गई और मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। व्यापारी संघ के लोगों ने इस मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर 'सबके मोहन' पत्रिका का वितरण

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर दैनिक अनोखा तीर द्वारा प्रकाशित विशेष पत्रिका 'सबके मोहन' का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रशांत शर्मा ने पत्रिका की प्रतियां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांची विधायक एवं पूर्व मंत्री



प्रभुराम चौधरी तथा पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल को भेंट कीं। इस विशेष पत्रिका में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जीवन, व्यक्तित्व, राजनीतिक सफर और जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने पत्रिका की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया और कहा कि इस प्रकार के प्रकाशन समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**महावीर जयंती अवकाश में बदलाव**

### हरदा में अब 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला प्रशासन ने महावीर जयंती के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन करते हुए नई तिथि जारी कर दी है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब 31 मार्च के स्थान पर 30 मार्च 2026 (सोमवार) को पूरे हरदा जिले में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह निर्णय मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों तथा स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। पहले महावीर जयंती के लिए 31 मार्च मंगलवार को अवकाश घोषित था, जिसे अब बदल दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च को जिले के सभी शासकीय कार्यालय, स्कूल और अन्य संस्थान सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

---

*एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष*

# निश्चिंत रहिए होगी मूंग खरीदी : खंडेलवाल






**अनोखा तीर, हरदा।**

शहर के बायपास रोड स्थित रेवा गार्डन में रविवार को भाजपा नगर मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निगम-मंडल में अध्यक्षों की नियुक्ति और मूंग खरीदी को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिए।

उन्होंने कहा कि कोई भी पद खाली नहीं रहेगा और सभी नियुक्तियां निश्चित समय पर की जाएंगी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हर नियुक्ति निश्चित समय पर करती है। सरकार या पार्टी में कोई भी पद खाली नहीं रहेगा। उन्होंने नगर परिषदों में एल्डरमैन की नियुक्तियों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि कई कार्यकर्ता इन विषयों के जानकार हैं, जिन्हें शासन ने नगर पालिका और नगर परिषद में नियुक्त किया है। ये अपनी जानकारी और ज्ञान का उपयोग नगर के विकास में करेंगे।

● **भाजपा किसानों की सरकार** – प्रदेश में मूंग खरीदी न होने के सवाल पर प्रदेशाध्यक्ष ने किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा, जो आपने पूछा वह हुआ ना। आगे भी निश्चिंत रहिए।

भाजपा किसानों की सरकार है। इस बयान से उन्होंने मूंग खरीदी को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो राष्ट्र को प्रथम रखते हुए कार्य करता है, पार्टी दूसरे नंबर पर और कार्यकर्ता तीसरे नंबर पर आता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बड़ा दिल रखकर काम करने, पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और उनसे समय-समय पर मार्गदर्शन लेने का आग्रह किया।

● **'बड़े दिल के साथ कार्य करना चाहिए'** – खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को यह भी सलाह दी कि यदि कोई साथी किसी कारणवश नाराज हो गया है या दूर हो रहा है, तो उसे वापस पार्टी से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को अपनी भूल को याद रखते हुए और सामने वाले की भूल को माफ करते हुए बड़े दिल के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि पार्टी और अधिक मजबूत हो सके। समापन सत्र में पूर्व मंत्री कमल पटेल, डॉ. प्रभुराम चौधरी, भरतसिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, देवी सिंह सांखला, बसंत राजपूत, राजेश गोदारा, मनीष निशोद, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**भारत विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

# अंशुल अग्रवाल अध्यक्ष और डॉ. माधव बंसल सचिव मनोनीत



● **कृष्णदास चाचरे व प्रहलाद शर्मा ने ली नवीन सदस्यता**

**अनोखा तीर, हरदा।**

संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण का ध्येय वाक्य लेकर समाज निर्माण से विकसित राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने वाली भारत विकास परिषद का आज वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य तथा प्रांतीय महासचिव विजय नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक दौरान नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण तथा नवीन पदाधिकारियों का शपथग्रहण हुआ।

परिषद के पूर्व अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रांतीय महासचिव विजय नामदेव ने बतौर शपथ अधिकारी के नवीन कार्यकारिणी सदस्यों को विधिवत शपथ ग्रहण कराई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अंशुल अग्रवाल, सचिव पद पर डॉ. माधव बंसल, कोषाध्यक्ष के लिए पुनः डॉ. विपुल बांगड़, उपाध्यक्ष पद पर सचिन उपाध्याय, सह सचिव के तौर पर अंकित सराफ, संस्कार प्रमुख के रूप में देवेंद्र दुआ, सेवा प्रमुख हेतु




डॉ. राधा मोहन अग्रवाल तथा महिला प्रमुख के लिए श्रीमती डॉ. आशा बांगड़, संपर्क प्रमुख हेतु प्रो. विजय अग्रवाल एवं पर्यावरण सुरक्षा प्रमुख के तौर पर महेश सादानी को शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान नवीन सदस्य के रूप में कृष्णदास चाचरे तथा प्रहलाद शर्मा ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में संघ के शहर सर संघ चालक नरेन्द्र भामू, प्रांतीय समन्वयक राजनारायण मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र जैन ने भारत विकास परिषद की मूल अवधारणा तथा विभिन्न जिला एवं तहसील शाखाओं द्वारा किए जाने वाले जन सेवा के कार्यो का उल्लेख करते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। वहीं प्रांतीय महासचिव श्री नामदेव ने परिषद के सेवा प्रकल्पों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों से प्रेरणा लेकर और बेहतर का संदेश दिया। आयोजन दौरान इंदौर से आएं परिषद के भूपेश जैन ने भारत विकास परिषद के गठन से लेकर अभी तक की गतिविधियों तथा उसके संघर्ष पूर्ण कार्यों का संपूर्ण इतिहास प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर किस तरह 12 जनवरी 1963 को डॉ. सूरज प्रकाश द्वारा इसका गठन किया गया था। भारत चीन युद्ध दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों के परिजनों तथा घायल सैनिकों का मनोबल बढ़ाने में किस तरह भूमिका निभाई थी। श्री जैन ने कहा कि भारत विकास परिषद की वर्तमान में देश भर में 1600 से अधिक शाखाएं हैं, जो 400 से अधिक जिलों में समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। यह 84,000 से अधिक परिवारों के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा के कार्यों से जुड़ी एक प्रमुख स्वयंसेवी संस्था है। परिषद द्वारा किए गए कार्यों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल ने कहां कि सभी परिषद सदस्यों द्वारा मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, मैं आप सभी के सहयोग से इसे पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ.शिरीष अग्रवाल द्वारा तथा समापन अवसर पर सभी का आभार प्रदर्शन देवेंद्र दुआ द्वारा किया गया।

---

# फिजूलखर्ची रोकने 47 जोड़ों का हुआ सामूहिक निकाह

**हजारों सामाजिकजनों के बीच हुई निकाह की रश्में**

**अनोखा तीर, हरदा।**

शहर के खेड़ीपुरा स्थित ईदगाह में रविवार को मुस्लिम समुदाय का सामूहिक निकाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 47 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य निकाह में होने वाली फिजूलखर्ची और सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाना था। सम्मेलन में हरदा सहित आसपास के गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह सामूहिक निकाह गौसो ख्वाजा गंजे शकर वेलफेयर कमेटी द्वारा ऑल मुस्लिम समाज इज्तिमाई निकाह शादी सम्मेलन के तहत आयोजित किया गया था। कमेटी का मकसद शादियों में होने वाले अनावश्यक खर्च, दिखावे और बढ़ती कुरीतियों को रोकना है। इस सम्मेलन में सभी 47 जोड़ों और उनके रिश्तेदारों ने एक ही पंडाल में निकाह किया। पूरे आयोजन का खर्च सामूहिक भागीदारी से वहन किया गया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में लोग शादियों में दिखावे के लिए अनावश्यक खर्च करते हैं, जिससे गरीब तबके के लोग भी प्रभावित होते हैं और कई परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते हैं। इन



परिवारों को बर्बादी से बचाने के लिए यह आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी 47 जोड़ों को गृहस्थी का सामान भी प्रदान किया। इसमें टीवी, फ्रिज, सोफा सेट, अलमारी, वॉशिंग मशीन, पलंग, कूलर, सिलाई मशीन, बर्तन और जेवरात शामिल थे। इस अवसर पर गौसो ख्वाजा गंजे शकर वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष मो. अनीस, उपाध्यक्ष जाफर हुसैन, सचिव मकसूद अहमद, आसिफ और कोषाध्यक्ष अलीम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि ऐसे आयोजन एक मिसाल पेश करेंगे, जिससे अनावश्यक खर्च और दिखावे में कमी आएगी तथा एक सम्मानजनक माहौल बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे अन्य समाज भी प्रेरणा लेंगे।

---

## संगीत शिक्षक रत्न से सम्मानित होंगे सुमित शर्मा, छात्राएं भी होंगी सम्मानित

**अनोखा तीर, हरदा।** सुरो भारती संगीत कला केंद्र द्वारा आयोजित एनुअल स्टेट कॉन्वोकेशन में हरदा के संगीत शिक्षक सुमित शर्मा को संगीत शिक्षक रत्न से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सुमित शर्मा के शिष्यों द्वारा गायन एवं वादन की प्रस्तुति भी दी जाएगी। संस्था द्वारा पिछले वर्ष आयोजित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज संगीत प्रतियोगिता में हरदा की पलक यदुवंशी ने जूनियर ग्रुप में प्रथम तथा वैष्णवी लाहौरे ने सीनियर ग्रुप में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर गुरु के साथ दोनों छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। दोनों छात्राएं सुमित शर्मा से संगीत की तालीम प्राप्त कर रही हैं। यह आयोजन 12 अप्रैल को अहिल्या माता कॉलोनी, इंदौर स्थित संतोष सभागार में संपन्न होगा। यह उपलब्धि हरदा जिले के लिए गौरव का विषय है। सुमित शर्मा पिछले 25 वर्षों से निरंतर संगीत के क्षेत्र में कार्यरत हैं।



उन्होंने प्रारंभ में आंचलिक क्षेत्र से गायन की शुरुआत की और अपनी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई। जब क्षेत्र में फिल्मी संगीत का प्रभाव अधिक था, उस समय भी उन्होंने निमाड़ी लोक संगीत को जन-जन तक पहुंचाने और सिखाने का कार्य किया। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज क्षेत्र में कई मंडलियां सक्रिय हैं और लोग फिल्मी संगीत के साथ-साथ निमाड़ी लोकगीतों को भी सुनने और प्रस्तुत करने लगे हैं। उन्होंने अनेक शिष्यों को प्रशिक्षित कर निमाड़ी लोक संगीत को नई दिशा दी और उन्हें राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति के अवसर भी प्रदान किए। सुमित शर्मा एवं उनकी पत्नी मिशा शर्मा के सतत प्रयासों से निमाड़ी लोक संगीत को व्यापक पहचान मिली है। दोनों ने मिलकर अनेक कलाकारों को तैयार किया और हरदा क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

---

**खेड़ापति हनुमान मंदिर में रामायण पाठ से हनुमान जन्मोत्सव की भव्य शुरुआत**

# जन्मोत्सव पर शहर में निकलेगी शोभायात्रा

**अनोखा तीर, हरदा।**





भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा का माहौल बन गया है। शहर के मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हो चुकी है। विशेष रूप से खेड़ीपुरा स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, जहां जन्मोत्सव समिति द्वारा रामायण पाठ के साथ भव्य कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। करीब 150 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर में हनुमान जी की स्वयंभू प्रतिमा विराजमान है। मंदिर में यहां हनुमान जी के साथ गणेश, सती माता और शीतला माता की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। ऐसी मान्यता है मंदिर की मंदिर में प्रतिदिन दीपक लगाने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर की सेवा मिश्रा परिवार द्वारा पीढ़ियों से की जा रही है, जो इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। मंदिर परिसर में इन दिनों धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला जारी है। प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, अभिषेक-पूजन और आरती के आयोजन हो रहे हैं, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। साथ ही मंदिर को आकर्षक स्वरूप देने के लिए रंग-रोगन, सजावट और साफ-सफाई का कार्य भी जोरों पर चल रहा है। पंडित विद्याधर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार से शुरू हुआ रामायण पाठ 1 अप्रैल तक चलेगा। इसी दिन प्रातः 6 बजे से अखंड रामायण पाठ का विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। हनुमान जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन 2 अप्रैल को होगा। इस दिन सुबह पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जिसके बाद सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन होगा, वहीं शाम को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे।

रात्रि में भव्य महाआरती के साथ आयोजन का समापन होगा। आयोजन समिति के अनुसार 28 मार्च से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं और तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। जन्मोत्सव समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और समर्पण का संदेश भी देता है।